


दैनिक
# सांध्य प्रकाश
भोपाल की धड़कन

वर्ष 54/ अंक 172/ पृष्ठ 8 / मूल्य ₹ 2.10 संस्थापक- स्व. सुरेंद्र पटेल ■आर.एन.आई 22296/71 ■डाक पंजीयन मप्र/भोपाल/125/12-14

भोपाल, शनिवार 18 जनवरी 2025 भोपाल से प्रकाशित dainiksandhyaprakash.in

**इस हफ्ते सोना-चांदी में रही तेजी**

सोना 1221 बढ़कर 79,239 पर पहुंचा, चांदी 552 महंगी होकर 90,820 प्रति किलो बिक रही



सांध्यप्रकाश विशेष

## एशिया से सबसे बड़े ग्रेड सेपरेटर में महज 2.5 घंटे में स्थापित हुआ 76.20 मीटर ओपन वेब गर्डर

**कटनी।** मध्यप्रदेश के कटनी जिले में चल रहे 34 कि.मी. लंबे ग्रेड सेपरेटर के काम कर रही निर्माणाधीन कंपनी ने महज 2.5 घंटे में 76.2 मीटर ओपन वेब गर्डर को सफलतापूर्वक स्थापित किया है। जिसे लेकर केंद्रीय रेलमंत्री दौरान अश्विनी वैष्णव ने पूरा वीडियो अपने सोशल अकाउंट एक्स में पोस्ट किया है।



कटनी जिले के गुड्स ट्रेन के झलवारा स्टेशन से मझगवाँ स्टेशन तक अप ग्रेड सेपरेटर करीब 16 किमी लंबी और डाउन ग्रेड सेपरेटर को 18 किमी मिलाकर कुल 34 किमी लंबी रेल लाइन बिछाई जा रही है। जिसे उड़ता जंक्शन से भी पहचाना जा रहा है। इस ग्रेड सेपरेटर एशिया का सबसे लंबा ग्रेड सेपरेटर के रूप में इसकी पहचान बनी हुई थी।

इसी बीच निर्माणाधीन कंपनी ने ओपन वेब गर्डर संरचना का उपयोग करते हुए रेलवे ट्रैक के दो सिरों को जोड़ा है। बता दे इस पद्धति का प्रयोग स्थलाकृति में किसी अवसाद या नदियों जैसे जल निकायों से होकर गुजरने में किया जाता है। जिसे कंपनी का प्रयोग करते हुए 76.20 मीटर ओपन वेब गर्डर का सफल प्रवेक्षण महज 2.5 घंटे में पूर्ण किया है।

## भारत लगाएगा विकास की सबसे बड़ी छलांग, आईएमएफ ने जारी किया जीडीपी वृद्धि का अनुमान

अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने वित्त वर्ष 2025 के लिए भारत की विकास दर 6.5 प्रतिशत रहने का अनुमान व्यक्त किया है। आईएमएफ के वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक अपडेट में कहा गया कि भारत की अर्थव्यवस्था अगले दो वर्षों में इस दर से वृद्धि करेगी। हालांकि, आईएमएफ ने यह भी संकेत दिया कि भारतीय अर्थव्यवस्था में विकास दर अपेक्षाकृत धीमी रही है, जो औद्योगिक गतिविधियों में अपेक्षा से अधिक गिरावट के कारण है।

आईएमएफ के मुताबिक, 2025 और 2026 में भारत अन्य देशों से कहीं आगे रहेगा, और यह 6.5 प्रतिशत की विकास दर से सबसे तेज़ दौड़ेगा। इस दौरान, अन्य देशों की तुलना में भारत की विकास दर सबसे अधिक रहने का अनुमान है। आईएमएफ ने बताया कि अमेरिका की विकास दर 2.7प्रतिशत, जर्मनी की 0.3प्रतिशत, इटली की 0.7प्रतिशत, जापान की 1.1प्रतिशत, ब्रिटेन की 1.6प्रतिशत, कनाडा की 2.0प्रतिशत, चीन की 4.6प्रतिशत, रूस की 1.4प्रतिशत, ब्राजील की 2.2प्रतिशत और दक्षिण अफ्रीका की 1.5प्रतिशत रहने की उम्मीद है। इसके विपरीत, भारत की अर्थव्यवस्था में एक स्थिर और तेजी से बढ़ने वाली रफ्तार बने रहने का अनुमान है।

**भारत की अर्थव्यवस्था की चमक बनी रहेगी** – आईएमएफ के विकास पूर्वानुमान से यह स्पष्ट होता है कि भारतीय अर्थव्यवस्था अपनी चमक बनाए रखेगी। 2025 में, भारत अपनी 6. 5प्रतिशत विकास दर के साथ पूरी दुनिया में सबसे तेज़ विकास करने वाला देश बनेगा।

**विश्व बैंक का भारत पर भरोसा**- यह केवल आईएमएफ नहीं, बल्कि विश्व बैंक ने भी भारत की अर्थव्यवस्था की मजबूती पर भरोसा जताया है।

विश्व बैंक का कहना है कि भारत अगले दो वित्तीय वर्षों में 6.7 प्रतिशत की विकास दर दर्ज कर सकता है। विश्व बैंक की ग्लोबल इकोनॉमिक प्रॉस्पेक्ट्स रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत की अर्थव्यवस्था मजबूती के साथ बढ़ेगी और वह अगले दो वर्षों तक दुनिया की सबसे तेज़ बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बना रहेगा।






# 5 साल में डेढ़ करोड़ लोगों को स्वामित्व कार्ड दिए: मोदी

## पीएम मोदी ने 65 लाख स्वामित्व संपत्ति कार्ड बांटे, मध्यप्रदेश के 15.63 लाख लोग बने जमीन के मालिक

**नई दिल्ली/सिवनी।** संवाददाता। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को 10 राज्यों और 2 केंद्र शासित प्रदेशों में 65 लाख स्वामित्व संपत्ति कार्ड बांटे। इनमें मध्यप्रदेश के 1052 गांवों के 15.63 लाख लोग शामिल हैं। राज्यस्तरीय कार्यक्रम सिवनी के पॉलिटेक्निक मैदान में हो रहा है। इसमें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मौजूद हैं। प्रधानमंत्री दिल्ली से वर्चुअली जुड़े हैं। 13 केंद्रीय मंत्री मोर्चा संभाला। कई राज्यों के मुख्यमंत्री, केंद्रीय मंत्री, संबंधित राज्यों के मंत्री और पंचायत प्रतिनिधि भी वर्चुअली शामिल हुए।



प्रधानमंत्री मोदी ने कहा- आज का दिन देश के गांवों और अर्थव्यवस्था के लिए बहुत आवश्यक है। 5 साल पहले स्वामित्व योजना शुरू की गई थी ताकि गांवों में रहने वालों को उनके घर का कानूनी प्रमाण दिया जा सके। अलग-अलग राज्यों में इसके नाम अलग-अलग हैं लेकिन ये स्वामित्व के प्रमाण पत्र हैं। पिछले 5 सालों में देश के डेढ़ करोड़ लोगों को स्वामित्व कार्ड दिए हैं।

पीएम ने कहा- भारत के गांवों में लोगों के पास लाखों-करोड़ों की संपत्ति होने के बाद भी उसकी कीमत नहीं थी क्योंकि लोगों के पास घरों के कानूनी दस्तावेज नहीं होते थे। घर में भी विवाद होते थे। कई जगहों पर दबंग घरों पर कब्जा कर लेते थे। कानूनी दस्तावेज की कमी की वजह से बैंक भी इनसे किनारा कर लेते थे।

### मुख्यमंत्री ने विकास कार्यों का भूमिपूजन-लोकार्पण

सिवनी में मुख्यमंत्री यादव ने आज लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत 2.12 करोड़ से बनी 2.34 किमी उगली-गोरखपुर सड़क, 1.81 करोड़ रुपए की 1.725 किमी भाटोला से पीपरदौन, 4.07 करोड़ रुपए की 4.50 किमी बादलपार डुंगरिया खांखरा सड़क का लोकार्पण किया। 5.57 करोड़ रुपए से पिंडरई खंडासा 7.30 किमी लंबी सड़क सहित 13.57 करोड़ के अन्य मार्गों का लोकार्पण किया जाएगा। पीएचई अंतर्गत 1.23 करोड़ रुपए लागत से केसलाकला, 1.63 करोड़ रुपए से अरी और 21.89 करोड़ रुपए की लागत से 52 गांवों में एकल नलजल योजना का लोकार्पण किया। जल संसाधन सिवनी संभाग में 4.135 करोड़ रुपए के बंजरटीला बैराज और 2.985 करोड़ रुपए की गुंगवारा बैराज परियोजना का लोकार्पण भी किया गया।

### 3 लाख से अधिक गांवों में सर्वे का काम पूरा

योजना के अमल के लिए अब तक 3 लाख 11 हजार 282 गांवों में ड्रोन का सर्वे पूरा हो गया है। इसमें से 2 लाख 68 हजार 10 गांवों के मैप राज्य सरकार को हैंडओवर कर दिए गए हैं। इसमें से 1 लाख 79 हजार 152 गांवों के मैप को इन्क्वायरी के लिए भेज दिया गया है। 1 लाख 44 हजार 543 कार्ड भी बन चुके हैं। इसमें 1 लाख 13 हजार 806 कार्डों का वितरण भी कर दिया गया है।

### सीहोर के विनोद मेवाड़ा से बोले पीएम मोदी-आप खुश हैं या नहीं

कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ने सीहोर जिले के लाभार्थी मनोहर मेवाड़ा से बात की। प्रधानमंत्री ने उनके परिवार के बारे में पूछा। मनोहर ने बताया कि उन्हें स्वामित्व योजना का पट्टा मिलने पर परिवार खुश है। वे बोले- मकान के कागज होने की वजह से सब काम आसान हो गया है। पट्टा मिलने के बाद 10 लाख रुपए का लोन लिया है। इससे डेरी फार्म खोला है। इसमें 5 गाय और एक भैंस हैं। परिवार के लोग डेरी के काम के साथ किसानी भी करते हैं। विनोद मेवाड़ा ने प्रधानमंत्री मोदी से कहा- मेरी आमदनी 20 हजार के आसपास है। इसमें से मैं किश्त भर देता हूं और उससे घर खर्च भी चल जाता है।

## एमपी कैडर में 1992 बैच के आईएएस अधिकारी पंकज अग्रवाल को केंद्र में मिला अतिरिक्त प्रभार



**नई दिल्ली।** भारतीय प्रशासनिक सेवा में 1992 बैच के मध्य प्रदेश कैडर के आईएएस अधिकारी पंकज अग्रवाल को केंद्र सरकार में अपने वर्तमान दायित्व के साथ-साथ आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय में सचिव का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है । पंकज अग्रवाल वर्तमान में केंद्र सरकार में ऊर्जा मंत्रालय के सचिव हैं।

डीओपीटी द्वारा इस संबंध में जारी आदेश के अनुसार, सक्षम प्राधिकारी ने अग्रवाल को 18.01.2025 से 25.01.25 तक कटिकिथला श्रीनिवास की छुट्टी पर अनुपस्थिति की अवधि के दौरान आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय में सचिव पद का अतिरिक्त प्रभार सौंपने को मंजूरी दे दी है ।

## स्वास्थ्य सचिव पुण्य सलिला श्रीवास्तव को मिला अतिरिक्त प्रभार



भारतीय प्रशासनिक सेवा में 1993 बैच की आईएएस अधिकारी स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग में सचिव पुण्य सलिला श्रीवास्तव को आयुष मंत्रालय में सचिव का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है ।

कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग द्वारा इस संबंध में जारी आदेश के अनुसार, सक्षम प्राधिकारी ने वैद्य राजेश कोटेचा की छुट्टी पर अनुपस्थिति की अवधि के दौरान 18.01.2025 से 25.01.25 तक सुश्री श्रीवास्तव को पद का अतिरिक्त प्रभार सौंपने को मंजूरी दे दी है।



## राजनाथ सिंह ने संगम में डुबकी लगाई

### सेना की मीटिंग लेंगे, महाकुंभ में ब्लास्ट की धमकी के बाद आधी रात तक सर्चिंग

**प्रयागराज।** महाकुंभ का आज छठा दिन है। दोपहर 12 बजे तक 20 लाख श्रद्धालुओं ने स्नान किया। अब तक 7.5 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालु संगम स्नान कर चुके हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने दोपहर में संगम में डुबकी लगाई। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच उन्होंने स्नान किया। साथ में मंत्री नंदी भी रहे। उनके पहुंचने से पहले आर्मी ने पूरे किला घाट को अपने कब्जे में ले लिया था। स्निफर डॉग्स और बम स्क्वायड जांच की।

राजनाथ साधु-संतों से मुलाकात और सेना के अफसरों के साथ मीटिंग भी करेंगे। देर रात शहर और महाकुंभ क्षेत्र में आर्मी और पुलिस के जवानों ने चेकिंग की। 18 संदिग्ध लोगों को पकड़ा। इनमें से कुछ के पास आधार कार्ड नहीं थे। कई को चोरी के शक में पकड़ा।

## 7 राज्यों में घना कोहरा, मप्र के 18 जिलों में कोल्ड-डे

**नई दिल्ली।** देश के 7 राज्यों में आज घने कोहरे का अलर्ट जारी किया गया है। पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश और मध्य प्रदेश में कोहरे के कारण विजिबिलिटी घटी। मप्र के 7 जिलों में कोल्ड-डे है, जबकि यूपी के कई जिलों में विजिबिलिटी 50 मीटर तक रह गई। वहीं, राजस्थान में तापमान में गिरावट लगातार जारी है। हिल स्टेशन माउंट आबू में न्यूनतम तापमान 0.8 डिग्री तक पहुंच गया है। उधर, मप्र के 18 शहरों में कोल्ड डे की स्थिति देखी गई।



### बर्फीली हवाओं से ठिठुरा मध्यप्रदेश

मध्यप्रदेश एक बार फिर बर्फीली हवाओं से ठिठुर गया है। शनिवार को भोपाल, सागर समेत 7 जिलों में कोल्ड-डे का अलर्ट है। टीकमगढ़, अशोकनगर और सेंधवा समेत प्रदेश के अधिकतर जिलों में सुबह कोहरा छाया रहा। सेंधवा में करीब 10 मीटर तो अशोकनगर में 50 मीटर के करीब विजिबिलिटी रही। लोग गाड़ियों की हेडलाइट जलाकर बाहर निकले।

## दिल्ली में किराएदारों को मिलेगी फ्री बिजली और पानी

**नई दिल्ली।** पूर्व सीएम और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए एक और बड़ी घोषणा की। उन्होंने कहा कि आप सरकार दिल्ली में किराएदारों को फ्री बिजली और पानी देगी। केजरीवाल का कहना है कि दिल्ली विधानसभा चुनाव के बाद हम ऐसी योजना लेकर आएंगे जिससे किरायेदारों को भी फ्री बिजली और पानी का फायदा मिल सके।




## बांग्लादेश की पूर्व पीएम हसीना का बड़ा खुलासा, उनकी हत्या करने की रची गई थी साजिश

बांग्लादेश पांच अगस्त की तारीख को इतनी आसानी से नहीं भुला सकेगा। उस समय शेख हसीना को प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा और देश छोड़कर भारत जाना पड़ा था। उसके बाद से यहां के हालात बदतर बने हुए हैं। हिंदुओं के घरों और व्यापारिक प्रतिष्ठानों को निशाना बनाया जा रहा है। अब इस पूरे मामले पर पूर्व पीएम शेख हसीना ने बड़ा आरोप लगाया है।



उनका कहना है कि सत्ता से बेदखल होते ही उनकी और उनकी छोटी बहन शेख रेहाना की हत्या की साजिश रची गई थी। शेख हसीना ने शुक्रवार रात को फेसबुक पर अपनी पार्टी बांग्लादेश अवामी लीग के पेज पर एक ऑडियो संदेश में यह बड़ा दावा किया। उन्होंने कहा, %रेहाना और मैं बच गए, हम केवल 20-25 मिनट के अंतराल से मौत से बच गए।

# कायस्थम के आयोजन में गीत-संगीत के साथ परिधानम प्रतियोगिता में बिखरी भारत की रंग बिरंगी संस्कृति

### पारुल ,भूमिका खरे और अंकिता श्रीवास्तव ने जीते खिताब

### ऐश्वर्या खरे को कायस्थ गौरव तो कायस्थम सम्मान से सम्मानित हुई अनेक प्रतिभाएं

## कायस्थ समाज अपनी कलम की शक्ति देशहित में करें: मनोज श्रीवास्तव





सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

कायस्थम भोपाल द्वारा रविन्द्र भवन में शुक्रवार की रात आयोजित कायस्थम - 2025 में गीत - संगीत, नृत्य और विभिन्न राज्यों में पहने जाने वाले परिधानों के साथ भारतीय संस्कृति की रंग बिरंगी छटा बिखरी। मुंबई से आई भोपाल की बेटी ऐश्वर्या खरे ने भी कायस्थ महिलाओं की परिधानम प्रतियोगिता में भाग लिया। परिधानम प्रतियोगिता में राजस्थान की वेशभूषा की प्रस्तुति के लिए श्रीमती पारुल खरे प्रथम, हैदराबाद के परिधान के लिए श्रीमती भूमिका खरे द्वितीय और उत्तराखंड की महिलाओं द्वारा पहनी जाने वाली वेशभूषा के लिए श्रीमती अंकिता श्रीवास्तव ने तृतीय पुरस्कार जीता । एमएलबी कॉलेज की प्रोफेसर रंजना श्रीवास्तव, विधान सभा की सेवानिवृत उपसचिव श्रीमती रेखा माथुर और श्रीमती शक्ति श्रीवास्तव को सांत्वना पुरस्कार सुऐश्वर्या खरे द्वारा प्रदान किये गये । इसके पहले अतिथियों ने टीवी जगत में एक बेहतर कलाकार के रूप में स्थापित हो चुकी ऐश्वर्या खरे को कायस्थम संस्था ने कायस्थम - सम्मान से सम्मानित किया । आयोजन में 13 विभिन्न कैटेगरी में 45 कायस्थ प्रतिभाओं का भी सम्मान किया गया । इसके साथ ही कायस्थ समाज के प्रतिभाशाली गायकों सर्वअजय सक्सेना, राकेश रायजादा, योगेंद्र श्रीवास्तव, अर्चना खरे,आश्वस्ति सक्सेना, द्वारा सदाबहार फिल्मी और बुंदेली लोकगीत प्रस्तुत किए गए। राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त नृत्यांगनाओं , श्रीमती नंदा खरे, गार्गी श्रीवास्तव(गुना) और शिवानी श्रीवास्तव द्वारा भरतनाट्यम एवं कथक नृत्य की आकर्षक प्रस्तुतियां की गई। राज्यों में पहने जाने वाले परिधान/वेशभूषा से संबंधित परिधानम प्रतियोगिता भी हुई ,जिसमें कायस्थ समाज की महिलाओं ने बढ़- चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार एवं कायस्थम के संरक्षक महेश श्रीवास्तव ने की। इनके अलावा राज्य निर्वाचन आयोग के आयुक्त मनोज श्रीवास्तव, पूर्व सांसद आलोक संजर ,पूर्व विधायक शैलेंद्र प्रधान, भोपाल नगर निगम के पूर्व आयुक्त देवीसरन और प्रसिद्ध टीवी कलाकार सुऐश्वर्या खरे विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहें।

इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार महेश श्रीवास्तव ने कहा कि कायस्थ प्रतिभाओं के पास बौद्धिक शक्ति तो है ही लेकिन कलम की ताकत भी है। कलम की शक्ति का दायित्व समाज हित में अवश्य करें । पूर्व आईएएस मनोज श्रीवास्तव ने कहा कि चित्रगुप्त जी सतर्कता , विजिलेंस का काम करते हैं। चित्रगुप्त जी का कार्य सूक्ष्म दृष्टि से युक्त है। भगवान चित्रगुप्त की विस्तृत व्याख्या उन्होंने की। मनोज श्रीवास्तव ने बताया कि हमारे कार्यो का लेखा-जोखा चित्रगुप्त जी रखते हैं । पूर्व सांसद आलोक संजर ने कहा कि प्रतिभा का अगर हम सम्मान करेंगे तो स्वयं भी सम्मानित होंगे । कायस्थ समाज को उन्होंने प्रेम और आपसी सद्भाव का सागर बताया। टीवी कलाकार सुऐश्वर्या खरे ने कहा कि मुझे कायस्थम परिवार ने जो सम्मान प्रदान किया ,उसके लिए मै आभारी हूं। मेरी शिक्षा - दीक्षा भोपाल से हुई है और मुंबई में हम भोपाल का नाम रोशन कर रहे हैं। सुऐश्वर्या खरे ने कायस्थ समाज को प्रतिभाशाली समाज बताया। इस अवसर पर उन्होंने कार्यक्रम की सदस्यता भी लेने की घोषणा भी की। इस मौके पर अतिथियों ने सुऐश्वर्या खरे को कायस्थ गौरव सम्मान से सम्मानित और कायस्थम भोपाल मध्यप्रदेश द्वारा प्रकाशित पत्रिका कायस्थ दर्पण का लोकार्पण भी किया। प्रारंभ में स्वागत उद्बोधन में कायस्थम के अध्यक्ष प्रलय श्रीवास्तव ने संस्था की गतिविधियों, उद्देश्यों आदि की जानकारी दी।उन्होंने बताया कि कायस्थ समाज में वैचारिक गतिशीलता लाने,ज्वलंत मुद्दों पर बौद्धिक चिंतन और मनन के लिए कायस्थम संस्था का गठन किया गया है। समाज की उभरती हुई प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने की कार्ययोजना की जानकारी भी उन्होंने दी। प्रलय श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष सर्वआरपी श्रीवास्तव, सुरेश श्रीवास्तव, महासचिव अभय श्रीवास्तव,सचिव डॉ.रश्मि सक्सेना,कोषाध्यक्ष मुकुल अस्थाना, संयुक्त सचिव अजय भटनागर आदि ने अतिथियों का स्वागत करते हुए स्मृति चिन्ह भेंट किए। कार्यक्रम में चित्रगुप्त भगवान एवं कायस्थ समाज की महान विभूतियों पर आधारित लघु फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ गणेश और चित्रगुप्त जी की वंदना के साथ हुआ। अतिथियों द्वारा चित्रगुप्त जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से किया गया।

कायस्थम के आयोजन में 13 विभिन्न कैटेगरी में जिन प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया,उनमें हमारे बुजुर्ग श्रेणी में 95 वर्षीय देवीसरन एवं 92 वर्षीय घनश्याम सक्सेना,प्रशासन श्रेणी में अजातशत्रु श्रीवास्तव सेवानिवृत आईएएस, प्रदीप खरे सेवानिवृत आईएएस,ओम प्रकाश श्रीवास्तव आईएएस, सचिव गृह विभाग, दीपक सक्सेना आईएएस, कलेक्टर जबलपुर, अभा सूचना सेवा से सेवानिवृत अनिल सक्सेना, सुभूमि श्रीवास्तव असिस्टेंट कमिश्नर इनकम टैक्स, पराक्रम/शौर्य श्रेणी में सेना से सेवानिवृत रियल एडमिरल प्रकाश लाल, सेना से सेवानिवृत कर्नल डॉ. गिरजेश सक्सेना, प्रशांत खरे आईपीएस, उप महानिरीक्षक (डीआईजी) नर्मदापुरम संभाग,दीपक अस्थाना असिस्टेंट कमांडेंट सीआईएसफ भेल भोपाल, चिकित्सा श्रेणी में गांधी मेडिकल कालेज के पूर्व डीन अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. निर्भय श्रीवास्तव, डॉ. विजया ब्यौहार शिशु रोग विशेषज्ञ, डॉ. एस.के. सक्सेना सेवानिवृत सिविल सर्जन,पत्रकारिता श्रेणी में सर्वकैलाश गौड़ वरिष्ठ पत्रकार, सुधीर सक्सेना वरिष्ठ पत्रकार , राजेश चंचल वरिष्ठ पत्रकार, अनुज खरे वरिष्ठ पत्रकार नई दिल्ली, उद्योग/ व्यवसाय श्रेणी में विशाल ज़ौहरी संचालक वरेण्यम मोटर्स, शिक्षा श्रेणी में प्रोफेसर डॉ. संतोष कुमार श्रीवास्तव पूर्व कुलपति, प्रोफेसर डॉ. एस. के. कुलश्रेष्ठ शिक्षाविद, पूर्व प्राचार्य, डॉ. उषा खरे पूर्व प्राचार्य, उमावि जहांगीराबाद भोपाल, अभिषेक खरे, करियर काउंसलर एवं लेखक, मेधावी विद्यार्थी श्रेणी में पीएससी टॉपर रजत श्रीवास्तव, कला एवं संस्कृति श्रेणी में डॉ. सुषमा श्रीवास्तव चित्रकार, डॉ. मोहिका सक्सेना डेंटिस्ट एवं नृत्यांगना, शैली लाल चित्रकार एवं संगीत विशारद, डॉ.श्रुति जौहरी संगीतज्ञ,श्रीमती अर्चना खरे बुंदेली गायिका एवं संगीतज्ञ, सुगार्गी श्रीवास्तव नृत्यांगना,दिनेश मोवार सक्सेना फोटोग्राफर, साहित्य श्रेणी में सुनीता भटनागर, संतोष श्रीवास्तव, ऊषा सक्सेना, समाज सेवा श्रेणी में स्व.वीरेंद्र श्रीवास्तव (मरणोपरांत), किरण कुमार खरे दमोह, वकालत/ विधि सेवा श्रेणी में बी.पी. श्रीवास्तव वरिष्ठ अधिवक्ता, उमेश निगम वरिष्ठ अधिवक्ता, विज्ञान श्रेणी में डॉ. राजेश सक्सेना वैज्ञानिक, डॉ. योगेन्द्र सक्सेना वैज्ञानिक एवं खेल श्रेणी में मास्टर भव्य कुमार सक्सेना जिम्नास्टिक, श्रीमती रागिनी श्रीवास्तव तैराक और प्रखर श्रीवास्तव बैडमिंटन खिलाड़ी शामिल है।

## रोटरी क्लब ने आयोजित किया स्वास्थ्य जांच शिविर



भोपाल। रोटरी क्लब भोपाल हिल्स ने आज एक मेगा मेडिकल कैंप का आयोजन किया, जिसमें 500 से अधिक छात्रों ने भाग लिया। इस कैंप में दंत चिकित्सा, आँखों की जांच, स्वास्थ्य और स्वच्छता जागरूकता जैसी सुविधाएँ प्रदान की गईं। कैंप के दौरान, कई बच्चों को आँखों में कमजोरी और दांतों में समस्याएँ पाई गईं। उन्हें उपचार के साथ-साथ स्वास्थ्य और स्वच्छता के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। रोटरी क्लब भोपाल हिल्स के अध्यक्ष रोटेरियन बीएस अग्रवाल ने कहाहमारे लिए यह गर्व की बात है कि हम बच्चों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक कर रहे हैं और उनके भविष्य को बेहतर बना रहे हैं। रोटेरियन हर्ष मित्तल, सचिव, ने कहा, यह कैंप बच्चों को स्वास्थ्य और स्वच्छता के प्रति सजग बनाने का एक महत्वपूर्ण कदम है। कार्यक्रम के अध्यक्ष रोटेरियन अनिल कुमार गुप्ता ने कहा हमारा उद्देश्य बच्चों को स्वस्थ जीवन जीने के लिए जागरूक करना और उन्हें आवश्यक चिकित्सा सुविधाएँ प्रदान करना था। रोटरी क्लब भोपाल हिल्स के इस प्रयास से बच्चों को स्वस्थ जीवन जीने के लिए एक मजबूत आधार मिला है।

## राष्ट्रीय परशुराम परिषद के प्रयागराज महाकुंभ में 26 फरवरी तक आयोजन



**भोपाल।** राष्ट्रीय परशुराम परिषद प्रदेश अध्यक्ष कैप्टन राज द्विवेदी जी ने बताया कि राष्ट्रीय परशुराम परिषद प्रयागराज महाकुंभ 2025 में आयोजित शिविर में भगवान श्री परशुराम जी के जीवन से जुड़े पृथ्वी पर 56 स्थान जन्म एवं 21 युद्ध भूमि की प्रदर्शनी का होगा आयोजन और भगवान परशुराम के जीवन संस्करण पर दिन संगीत एवं प्रकाश ध्वनि कार्यक्रम का आयोजन के साथ-साथ 494 पर भगवान परशुराम की जीवन दर्शन की मिलेगी जानकारी और महाकुंभ प्रयागराज में श्रमजीवी एवं सफाई कर्मियों को किया जाएगा सम्मानित तथा शिविर में श्रीमद् भागवत गीता श्री राम कथा श्री हनुमान कथा वास शिव पुराण का होगा आयोजन भगवान परशुराम का 51 फीट प्रतिमा शिविर में होगी।

## आठवें वेतन आयोग के गठन संघर्ष मोर्चा ने स्वागत किया

**भोपाल।** मध्य प्रदेश राज्य अधिकारी कर्मचारी संघर्ष मोर्चा ने मुख्यमंत्री को पत्र सौपकर मांग करी है कि केंद्र सरकार के समान मध्य प्रदेश में भी आठवें वेतन आयोग गठित किया जाय। मांग करने वालों कर्मचारी नेताओं में अशोक पांडे इंजीनियर अशोक शर्मा अनिल बाजपेई शैलेंद्र निगम विमलेश रजक अरुण वर्मा सुरसुरी पटेल घनश्याम कटारे राजू शील यादव ध्यानेंद्र खरे राजू सिंह चांद सिंह आदि शामिल है। मध्य प्रदेश राज्य अधिकारी कर्मचारी संघर्ष मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अशोक पांडे ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया है कि केंद्र सरकार द्वारा आठवें वेतन आयोग के गठन करने का राज्य के कर्मचारियों ने स्वागत किया है आठवें वेतन आयोग के गठन के बाद प्रदेश के 7>50 कर्मचारियों से के वेतन भत्ते दुगने हो जाएंगे केंद्र सरकार ने भीषण महंगाई में आठवें वेतन आयोग के गठन की घोषणा करके कर्मचारी हित में निर्णय लिया है केंद्र सरकार द्वारा आठवें वेतन आयोग के गठन को मंजूरी देकर केंद्र की कर्मचारियों को तोहफा दिया है आठवें वेतन आयोग के गठन के बाद मध्य प्रदेश के कर्मचारियों में हर्ष का वातावरण निर्मित हो गया है।

### अग्रवाल धर्मशाला ट्रस्ट में हस्तशिल्प प्रदर्शनी का समापन



भोपाल। टैगोर जरी क्राफ्ट कल्चर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड आकांक्षी जिला विदिशा द्वारा अग्रवाल धर्मशाला ट्रस्ट माधवगंज विदिशा में लगाई गइ 10 दिवसीय हस्तशिल्प प्रदर्शनी का समापन हो गया। कंपनी की शिल्पियों स्व-सहायता समूहों द्वारा उत्पादित वस्तुएं बिक्री हेतु लगाई गई थी। प्रदर्शनी में कार्यालय विकास आयुक्त भारत सरकार वस्त्र मंत्रालय के सहायक निदेशक नर सिंह सैनी द्वारा निरिक्षण भी किया गया। कंपनी की डायरेक्टर कुमारी फाल्गुनी चौहान एंव राजकुमारी अहिरवार भी इस कार्यक्रम में मौजूद रही।

### शिव नाडर यूनिवर्सिटी चेन्नई में इंटीग्रेटेड लॉ प्रोग्राम के लिए एडमिशन शुरू हुए

**भोपाल।** शिव नाडर यूनिवर्सिटी चेन्नई ने वर्ष 2024 में शिव नाडर स्कूल ऑफ लॉ की स्थापना की थी, और अब वह शैक्षणिक वर्ष 2025-26 के लिए इंटीग्रेटेड बी.ए., एल.एल.बी. प्रोग्राम के दूसरे बैच के लिए आवेदन आमंत्रित कर रही है। यह प्रोग्राम कानून में नैतिक, वैश्विक योग्यता रखने वाले और सामाजिक दायित्व समझने वाले प्रोफेशनल्स के विकास पर केंद्रित है। इसमें एक बेहतरीन कला प्रोग्राम के साथ विशिष्ट कानून शिक्षण पद्धति शामिल है जो विशेष कानूनी कौशल पर जोर देती है। शिव नाडर फाउंडेशन का विजन भारत में कानूनी शिक्षा को एक नई परिभाषा देने का था, जिसके तहत शिव नाडर स्कूल ऑफ लॉ की स्थापना की गई थी।

### स्टैंडर्ड कैपिटल मार्केट्स लि. ने निवेश की घोषणा की

भोपाल। स्टैंडर्ड कैपिटल मार्केट्स लिमिटेड जो एक प्रमुख गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी है, ने अपने संचालन को बढ़ाने के लिए अतिरिक्त 0.71 बिलियन रुपये का निवेश करने की घोषणा की है। यह निवेश पहले किए गए 1.3 बिलियन रुपये के निवेश के पूरक के रूप में आया है। यह निवेश कंपनी की रणनीतिक पहलों का हिस्सा है, जो 5 बिलियन रुपये के गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर के सफल इशू के बाद किया गया है। कंपनी ने प्रभावी रूप से 2.01 बिलियन रुपये जुटाए और आवंटित किए हैं, ताकि अपने परिचालनों के बुनियादी ढांचे को और मजबूत किया जा सके। इस निवेश का मुख्य फोकस परिचालन कुशलता को बढ़ाने, क्षमता को बढ़ाने और कंपनी की समग्र विकास दिशा में समर्थन करना है।

### विश्वविद्यालय प्रशासन पर भ्रष्टाचार के आरोप, दोषियों पर कार्रवाई की मांग

## अभाविप ने सौंपा ज्ञापन, चार घंटे चला विरोध प्रदर्शन



सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में भ्रष्टाचार और अनियमितताओं के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन करते हुए कुलपति के नाम ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन चार घंटे तक चला, जिसमें छात्रों की समस्याओं और प्रशासन की लापरवाहियों को लेकर सख्त मांगें उठाई गईं। अभाविप ने पहले भी विश्वविद्यालय में स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स निर्माण में हुई अनियमितताओं पर सवाल उठाते हुए पांच दिनों के भीतर कार्रवाई की मांग की थी। लेकिन प्रशासन की ओर से अब तक कोई कदम नहीं उठाया गया। परिषद ने सोमवार तक दोषियों पर कार्रवाई न होने पर बड़े आंदोलन की चेतावनी दी है। प्लेसमेंट सेल द्वारा एक प्रतिष्ठित कंपनी के रिक्रूटमेंट के नाम पर छात्रों को भोपाल बुलाकर निजी कॉलेज में परीक्षा आयोजित कराई गई। बिना औपचारिक सूचना के इस आयोजन से छात्रों को असुविधा हुई। अभाविप ने इसे निजी कॉलेज को अनुचित लाभ पहुंचाने का षड्यंत्र बताया और इस प्रक्रिया में शामिल निदेशिका पर कार्रवाई की मांग की। अभाविप ने कुलपति को ज्ञापन में बताया कि विश्वविद्यालय के कुछ कर्मचारी छात्रों से अवैध रूप से पैसे मांगते हैं और उनके साथ दुर्व्यवहार करते हैं। परिषद ने ऐसे कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। अभाविप ने क्कद्बष्ठ प्रवेश परीक्षा में किसी भी प्रकार की धांधली रोकने के लिए सख्त प्रावधान लागू करने की मांग की।

### लोकगीत हमारी संस्कृति की पहचान है: भगवानदास सबनानी



**भोपाल।** उच्च शिक्षा विभाग मध्य प्रदेश शासन द्वारा भारतीय ज्ञान परंपरा की राज्य स्तरीय अकादमिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के अंतर्गत भारतीय संस्कृति के लोकगीत प्रतियोगिता का आयोजन शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री व विधायक भगवानदास सबनानी सारस्वत अतिथि डॉ मुकेश कुमार मिश्र निदेशक दत्तोपंत ठेंगड़ी शोध संस्थान भोपाल, डॉ धीरेंद्र शुक्ल राज्य समन्वयक म प्र, भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ डॉ मथुरा प्रसाद अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा विभाग नर्मदापुरम संभाग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का प्रारंभ दीप प्रज्वलित कर मां सरस्वती की वंदना के साथ की गई, कार्यक्रम में पधारे सभी अतिथियों का स्वागत श्रीफल स्मृति चिन्ह एवं तुलसी का पौधा देकर किया गया। मुख्य अतिथि भगवानदास सबनानी ने इस अवसर पर कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा की सुदीर्घ पर प्रकाश डाला, भारत की प्राचीन शिक्षा प्रणाली यह दुनिया की सबसे पुरानी ज्ञान परंपराओं में से एक है,यह एक समृद्ध विरासत है जो कई हज़ारों सालों से चली आ रही है,यह स्वतंत्रता, समानता, बंधुत्व, और विश्व शांति के सिद्धांतों को मानती है।

### श्रीराम लला प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ धूमधाम के साथ मनेगी



**संत हिरदाराम नगर।** संत नगर में श्रीरामलला प्राण प्रतिष्ठा उत्सव समिति द्वारा प्राण प्रतिष्ठा को धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया है। समिति के अध्यक्ष मोहन लालवानी, संयोजक कमल प्रेमचंदानी, महासचिव राजेश बेलानी द्वारा बताया गया कि रामलला की पहली वर्षगांठ को बड़े धूमधाम एवं श्रद्धा के साथ मनाया जाएगा। इस उपलक्ष्य में हुजूर विधायक रामेश्वर शर्मा के नेतृत्व में बैठक की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर बैरागढ़ को सजाया जाएगा एवं बस स्टेण्ड चौराहे पर हनुमान चालीसा, सुन्दर कांड, भजन कीर्तन बड़े धार्मिक माहौल में मनाई जाएगी। इस अवसर पर संत नगर के सभी संत महात्माओं को भी इस आयोजन में निमंत्रण दिया गया है। यह आयोजन 22 जनवरी को बस स्टेण्ड बैरागढ़ पर शाम 5 बजे किया जाएगा। श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा आयोजन समिति के प्रमुख रूप से बसंत चेलानी, कन्हैया इसरानी, नरेन्द्र लालवानी, गुलाब जेठानी, राकेश हरपलानी, भारती मूलचंदानी, किरण वाधवानी, जीतू कटारिया, वासुदेव झमटानी, पंडित जय शर्मा, हरीश केसवानी बैठक में शामिल हुए।

## गुजरात, तेलंगाना की तर्ज पर कैसे गुणवत्तापूर्ण बने मप्र की सड़कें, भवन, पीडब्ल्यूडी के 1200 इंजीनियरों ने एक साथ सीखा

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह की अध्यक्षता में लोक निर्माण विभाग की संभाग स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन प्रशासनिक अकादमी भोपाल के साथ प्रदेश के समस्त संभागीय मुख्यालयों में एक साथ किया गया। ये प्रशिक्षण कार्यशालाएं सड़क, भवन और पुल निर्माण में गुणवत्ता नियंत्रण और परियोजना प्रबंधन के विषय पर केंद्रित थी। इनसे विभाग में गुणवत्ता नियंत्रण, पारदर्शिता, जवाबदेही, नवीन तकनीकों के उपयोग और अन्य राज्यों के अध्ययन से सीखे गए अनुभवों के साथ विभाग में किये जा रहे अन्य सकारात्मक प्रयासों से समस्त उपस्थित अभियंताओं को अवगत कराया गया। प्रशिक्षण कार्यशालाओं का प्रदेश के सभी संभागों में एक साथ आयोजन किया गया, जहां प्रमुख अभियंता सहित समस्त मुख्य अभियंताओं ने अन्य परिक्षेत्र में जाकर विभाग के अभियंताओं को प्रशिक्षण दिया। कार्यशाला में ईएनसी से लेकर उपयंत्री स्तर तक के 1570 इंजीनियर शामिल हुए। लोक निर्माण मंत्री सिंह ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी प्रशिक्षण कार्यशालाओं को एक साथ संबोधित करते हुए कहा कि राज्य की सड़कें, पुल और भवन संरचनाएं केवल भौतिक निर्माण नहीं हैं, बल्कि समाज और राष्ट्र के सपनों को साकार करने के साधन हैं। उन्होंने प्रदेश के भविष्य के निर्माण में अभियंताओं की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। मंत्री सिंह ने कहा जब आप कोई सड़क बनाते हैं, तो वह केवल लोगों को जोड़ने का माध्यम नहीं होती, बल्कि यह संभावनाओं का मार्ग बन जाती है। मंत्री सिंह ने नवाचार और आधुनिक तकनीकों के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि आज का युग नवाचार का युग है। नवीन तकनीकों को अपनाकर हम बेहतर निर्माण कर सकते हैं।

उन्होंने अभियंताओं से कहा कि वे निर्माण प्रक्रिया में सस्टेनेबिलिटी, रीसाइक्लिंग और री-यूज को प्राथमिकता दें। मंत्री सिंह ने गुणवत्ता, पारदर्शिता और जवाबदेही को विभाग का मूल मंत्र बताते हुए कहा कि हर निर्माण परियोजना आने वाली पीढ़ियों के लिए एक आदर्श होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि विभाग निविदा शर्तों में सकारात्मक बदलाव की तैयारी कर रहा है जिसके तहत कार्य की गुणवत्ता के लिए सख्त मापदंड तय किए गए हैं साथ ही निर्माण सामग्री की कड़ी जांच और प्रयोगशालाओं के उन्नयन जैसे कदम भी उठाए हैं। मंत्री सिंह ने पारदर्शिता की दिशा में उठाए गए कदमों का जिक्र करते हुए लोकपथ मोबाइल की चर्चा की जो ने केवल सड़कों की बेहतर स्थिति सुनिश्चित करती है, बल्कि जनता को विभागीय कार्यों में भागीदार भी बनाती है। उन्होंने कहा कि लोकपथ ऐप ने कम समय पर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान स्थापित कर ली है। मंत्री सिंह ने कहा कि प्रदेश के पास प्राकृतिक संपदा, सांस्कृतिक विरासत और मेहनती अभियंताओं का अद्वितीय संगम है। यह समय है कि हम सब मिलकर 'विकसित मध्यप्रदेश से विकसित भारत' के लक्ष्य को साकार करें।


राष्ट्रहित में जनसेवा में सर्वोपरि
भारतीय जनता पार्टी के
मा. संदीप भाऊ मोहोड़
को पांढुर्णा जिले का अध्यक्ष बनाए
जाने पर हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं
संदीप भाऊ मोहोड़
जिला अध्यक्ष भाजपा पांढुर्णा
समस्त कार्यकर्ता एवं
पदाधिकारी सौंसर एवं पांढुर्णा
नाना मोहोड़
पूर्व मंत्री


माननीय सुरेन्द्र पटवा जी पूर्व मंत्री (म.प्र.)
शासन विधायक भोजपुर के जन्म दिवस
पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
ओमप्रकाश मीणा
किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष
डॉ. रमेश पाल
भाजपा नेता
विनीत– नरेन्द्र पाल, मुड़ला


माननीय सुरेन्द्र पटवा जी पूर्व मंत्री (म.प्र.)
शासन विधायक भोजपुर के जन्म दिवस पर हार्दिक
बधाई एवं शुभकामनाएं
खन्नाराम नायक
वरिष्ठ भा.ज.पा नेता
सचिन पटेल
वरिष्ठ भा.ज.पा नेता
संदीप राय
वरिष्ठ भा.ज.पा नेता
सरपंच
कनीराम
ग्रा.प. बडवाई
सरपंच
धनीराम
ग्रा.प. नंदौरा
राकेश गौर
भा.ज.पा. नेता
सरपंच
दिनेश पोर्ते
ग्रा.प. धामधूसर
सरपंच
बब्लू इक्के
ग्रा.प. बरबटपुर
सरपंच
रामरतन
ग्रा.प. ताड़ी
सरपंच
दर्शन सिंह धुर्वे
ग्रा.प. घोटी बेहरा
पंचायत प्रतिनिधि
गुड्डू खान
गौहरगंज
सरपंच
कमलेश कुमार
ग्रा.प. उमरई बेहरा
सरपंच
रामसिंह गोलिया
ग्रा.प. गोरखपुर
पंचायत प्रतिनिधि
गंगाराम
बेरखेड़ी
मानसिंह कुशवाह
भा.ज.पा नेता
सरपंच
श्रीमती सुनीता बाई
ग्रा.प. बोरपानी
विनीत :– समस्त सरपंच एवं वरिष्ठ भा.ज.पा. नेता भोजपुर विधानसभा


जीवेत शरदः शतम्
भोजपुर के लोकप्रिय विधायक
श्री सुरेन्द्र पटवा जी
को जन्मदिवस की बधाई...
19 जनवरी
भा.ज.पा. मंडल सुल्तानपुर जिला – रायसेन म०प्र०

स म्पा द की य

# वेतन वृद्धि के अलावा और भी मुद्दे हैं...!

भारत सरकार ने आठवें वेतन आयोग को मंजूरी देने का फैसला किया, तो स्वाभाविक ही सरकारी कर्मचारियों में खुशी की लहर दौड़ गई है। यह दावा भी सही लगता है कि आयोग के फैसले लागू होने से अर्थव्यवस्था को भी सहारा मिलेगा, जो खासतौर पर पिछली दो तिमाहियों से कुछ संघर्ष करती दिख रही है। लेकिन इन बातों के साथ नौकरशाही और सरकारी अमले को लेकर कुछ चिंताएं भी हैं, जिन पर ध्यान दिया जाना चाहिए। इनमें सबसे बड़ा मुद्दा तो सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार का है, और दूसरा निचले स्तर के पदों को समाप्त करके वहां संविदा या कांट्रेक्ट पर कर्मचारियों को रखने का।

यह सही है कि देश में सरकारी तंत्र के जरिए जनकल्याण की स्कीमों को लागू कर आम लोगों के जीवन में सुधार लाने वाले कर्मचारियों का वेतन भी संतोषजनक होना चाहिए। यह इसलिए भी जरूरी है कि महत्वाकांक्षी और योग्य युवाओं की दिलचस्पी इन सेवाओं में बनी रहनी चाहिए। लेकिन वेतन बढ़ने के साथ- साथ उनकी सेवाओं की गुणवत्ता भी बढ़ना चाहिए, जो इस अनुपात में कहीं भी बढ़ती नहीं दिखाई




दे रही है।

सरकारी कर्मचारियों के वेतन में बढ़ोतरी इस लिहाज से भी जरूरी होती है कि इससे अर्थव्यवस्था में मांग को मजबूती मिलती है। यह बात इसलिए भी मायने रखती है क्योंकि भारतीय इकॉनमी में कंजम्पशन का योगदान 60 प्रतिशत के आसपास बताया जाता है। इधर, अर्थव्यवस्था में मांग अपेक्षा के मुताबिक नहीं बढ़ रही है। ऐसे में आशा है कि जब आयोग के फैसले लागू होंगे तो उससे अर्थव्यवस्था में डिमांड को मजबूती देने में मदद मिलेगी।

लेकिन भूलना नहीं चाहिए कि अगर देश को 2047 तक विकसित अर्थव्यवस्था बनने के लक्ष्य की ओर बढ़ना है तो बड़े सुधार टाले नहीं जा सकते। इनमें भूमि और श्रम सुधारों के साथ नौकरशाही पर बढ़ते खर्च पर लगाम लगाने की जरूरत को भी अनदेखा नहीं किया जा सकता। पहले ही सरकारी कर्मचारियों के वेतन, भत्ते और पेंशन के खर्च का बोझ इतना ज्यादा है कि सरकार के लिए खाली पदों को भरना एक चुनौती बना हुआ है। सरकारी सेवाओं का आकर्षक बने रहना जरूरी है, लेकिन ऐसी स्थिति भी ठीक नहीं कि पढ़े-लिखे और योग्य युवा महज सरकारी नौकरी के इंतजार में अपने कीमती साल घर बैठे बर्बाद करने में समझदारी मानने लगें।

एक तरफ जॉबलेस ग्रोथ और दूसरी तरफ सरकारी भर्तियों पर अघोषित रोक से हालात गंभीर हो सकते हैं। वर्तमान में सरकार ने केवल भारतीय प्रशासनिक सेवाओं और राज्य प्रशासनिक सेवाओं को छोड़कर बाकी श्रेणियों में सामान्य तौर पर पद समाप्त करना शुरू कर दिया है। जरूरत के आधार पर आउटसोर्स के माध्यम से कर्मचारी भर्ती किये जा रहे हैं। इन्हें संविदा या कांट्रेक्ट पर रखा जाता है, जिसमें सेवानिवृत्ति के बाद पेंशन का कोई प्रावधान नहीं होता। यही नहीं, नौकरी की गारंटी भी नहीं होती।

सरकार ने आठवें वेतन आयोग को तो मंजूरी दे दी है, इसमें अच्छी खासी वेतनवृद्धि भी करने का प्रावधान है, लेकिन निचले स्तर पर सेवाओं की नियमितता की गारंटी कहीं नहीं दिख रही। यानि रैग्युलर पदों के कम करने का क्रम बंद होगा या ऐसे ही अस्थाई कर्मचारियों के सहारे काम चलाया जाएगा, तय नहीं है। दूसरी तरफ केंद्रीय या राज्य सेवाओं के अधिकारियों के पद भी बढ़ाये जा रहे हैं और उनके वेतन-भत्तों के साथ ही सुविधाओं में भी वृद्धि की जा रही है। इस स्तर पर उसी क्रम में भ्रष्टाचार भी बढ़ा है और सेवाओं की गुणवत्ता में उस अनुपात में सुधार कहीं भी नहीं दिखाई दे रहा है।

सरकारी विभाग वेतन में बेहतर और काम में कमतर होते जा रहे हैं, यह सामान्य विचारधारा बन चुकी है। सरकारी काम का मतलब ही टालमटोल और घटिया दर्जे के काम से जाना जाता है, भले ही कई विभागों में बेहतर काम हो रहा हो। और शत प्रतिशत तो खराब कुछ भी नहीं होता, यह बात सरकारी विभागों पर भी लागू होता है। लेकिन काम, विशेषकर बेहतर गुणवत्ता का काम करने वालों का प्रतिशत पचास तक भी पहुंचता नहीं दिखता।

और सरकारी विभागों की एक और खासियत है। यह भी आम धारणा ही बन चुकी है कि बिना रिश्वत या कमीशन के यहां कोई काम नहीं होता। बिना वजन रखे, फाइल उड़ जाती है। फाइल आगे नहीं बढ़ती। तो जब हम सरकारी कर्मचारियों का वेतन इतना बढ़ा रहे हैं, तो यह धारणा भी खत्म करनी होगी। यह जिम्मा भी सरकार का ही है। इसके साथ ही, जब सरकारी वेतन बढ़ता है, तो बाजार गुलजार हो जाता है, वस्तुओं की कीमतें भी बढ़ा दी जाती हैं। लेकिन दूसरी तरफ, निजी क्षेत्र एक अधिकांश सेक्टर में वेतन की स्थिति बहुत दयनीय है। इस पर सरकार का कोई ध्यान नहीं है। बड़ी या बहुराष्ट्रीय कंपनियों में दो- चार प्रतिशत लोग ही अच्छा वेतन पा रहे हैं, बाकी जगह नौकरियों में तो हालात बहुत खराब हैं।

ऐसे में यह सवाल तो उठता ही है कि उनकी चिंता कौन करेगा? केवल रोजगार देना या मिलना की पर्याप्त नहीं है, सरकारी वेतन के अनुपात में निजी क्षेत्र में भी बहुत सुधार की जरूरत है। अन्यथा जैसा असंतुलन अर्थव्यवस्था में है, वैसा ही असंतुलन निजी क्षेत्र और सरकारी क्षेत्र की नौकरियों में बढ़ता जा रहा है। इस पर ध्यान देने की आवश्यकता है।

# जमीनी पत्रकारों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और खेतिहर किसान की भूमिका विश्वविद्यालयों में क्यों नहीं..?

**ब्रह्मदीप अलूने**

उच्च शिक्षा संस्थानों में शिक्षक कौन और कैसे होना चाहिए,यह विचार ज्ञान की वृहत दृष्टि से संबंधित होता है और इसके भिन्न भिन्न लेकिन उत्कृष्ट पैमाने रहे है। एक अच्छे शिक्षक के लाभ न केवल छात्रों के लिएबल्कि पूरे समाज और शिक्षा प्रणाली के लिए बहुत महत्वपूर्ण होते हैं। अच्छे शिक्षक छात्रों के जीवन में गहरे प्रभाव डालते हैं और उनके व्यक्तिगत, सामाजिकऔर शैक्षिक विकास में मदद करते हैं। राष्ट्र निर्माण में शिक्षक की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण और व्यापक होती है। शिक्षक न केवल विद्यार्थियों को शिक्षा प्रदान करते हैं,वे समाज के निर्माण और देश के भविष्य को आकार देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। शिक्षक न केवल ज्ञान का स्रोत होते हैंबल्कि वे अपने छात्रों को नैतिक मूल्य, सामाजिक जिम्मेदारी, देशप्रेमऔर संस्कार भी सिखाते हैं, जो राष्ट्र के निर्माण में सहायक होते हैं।

अनादिकाल से लेकर आधुनिक युग तक ज्ञान के संदर्भ भले ही बदलते रहे हो लेकिन यह विश्वास बार बार सामने आता है कि प्राचीन ज्ञान परंपरा को किनारे रखकर भारत एक राष्ट्र के रूप में सबल नहीं हो सकता है। प्राचीन भारतीय ज्ञान परंपरा में एक समग्र दृष्टिकोण, वैज्ञानिक सोच, नैतिकता, आध्यात्मिकताऔर सामाजिक जागरूकता का अद्भुत संगम था। यह परंपरा न केवल भारतबल्कि पूरे मानवता के लिए एक अमूल्य धरोहर हैजो आज भी हमारे जीवन के विभिन्न पहलुओं को समृद्ध करने के लिए मार्गदर्शन प्रदान करती है।यह परंपरा दर्शन, साहित्य, विज्ञान, गणित, आध्यात्मिकता और सामाजिक व्यवस्था के क्षेत्रों में बहुत समृद्ध थी। प्राचीन भारतीय ज्ञान परंपरा ने जीवन के विभिन्न पहलुओं को समझने और सुधारने के लिए एक समग्र दृष्टिकोण प्रदान किया। प्राचीन भारतीय परंपरा में विज्ञान और दर्शन को अलग-अलग नहीं देखा जाता था।

भारतीय दर्शनजैसे योग, संख्यायन, मध्यमक आदिजीवन के हर पहलु को समझने का प्रयास करते थे, जिसमें वैज्ञानिक और आध्यात्मिक दृष्टिकोण का समावेश था। प्राचीन भारत में विभिन्न शिक्षा पद्धतियां थीं जैसे योग, तंत्र, आयुर्वेद, वेदांग और सूत्रशास्त्र। जो अलग-अलग विचारधाराओं को और उनकी पद्धतियों को महत्व देती थी, परंतु सभी में एकात्मता और संतुलन की भावना थी। प्राचीन भारतीय ज्ञान परंपरा में गणित और विज्ञान के क्षेत्र में अद्वितीय कार्य हुआ था।



प्राचीन भारतीय ज्ञान परंपरा और आधुनिक भारतीय शिक्षा के बीच समन्वय कि कोशिशें तो नजर आती है लेकिन यह गहरा अंतर भी दिखाई पड़ता है की प्राचीन भारतीय शिक्षा परंपरा में जीवन के गहरे पहलुओं,नैतिकताऔर आत्म-ज्ञान पर जोर दिया जाता था। वहीं आधुनिक शिक्षा में तकनीकी ज्ञान, व्यावसायिक कौशल और वैश्विक दृष्टिकोण पर अधिक ध्यान केंद्रित किया जाता है। बेहतर भारत के भविष्य के लिए प्राचीन भारतीय ज्ञान परंपरा और आधुनिक भारतीय शिक्षा में सामंजस्य की कोशिशें नई शिक्षा पद्धति में की गई है लेकिन यहां पर शिक्षकों का चुनाव और उनकी भूमिका बहुत महत्वपूर्ण हो जाती है। इस दृष्टि से आधुनिक भारत में उच्च शिक्षा के ढांचे, कार्ययोजना और लक्ष्यों पर गहरे चिंतन मनन किए जा रहे है।

ऐसे में विश्वविद्यालय शिक्षा या उच्चतम शिक्षा का महत्व अत्यधिक इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि यह व्यक्तिगत, सामाजिक और आर्थिक विकास में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। विश्वविद्यालय शिक्षा न केवल ज्ञान का प्रसार करती है बल्कि यह व्यक्ति को एक विस्तृत दृष्टिकोण,कौशल और समाज के प्रति जिम्मेदारी से परिपूर्ण करती है। यह शिक्षा का उच्चतम स्तर होता है, जो किसी विशेष क्षेत्र में गहन अध्ययन और शोध करने का अवसर प्रदान करता है। जीवन के हर पहलू में विज्ञान-तकनीक और शोध कार्य कि अहम भूमिका होती है जिससे देश कि प्रगति का मार्ग प्रशस्त होता है। शोध और अनुसंधान को लेकर भारतीय उच्च शिक्षा संस्थानों कि स्थितियां बेहतर बनाने कि जरूरत हमेशा महसूस होती है और नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति में इस पर विचार भी किया गया है।

उच्च शिक्षा में प्रवेश के लिए मजबूत अकादमिक आधार होना ज़रूरी माना जाता है और फिर इन संस्थानों में शिक्षकों से अपेक्षा बहुत बेहतर कि होती है। आधुनिक शिक्षा में भारतीय मूल्यों का अभाव एक गम्भीर और विचारणीय विषय है। प्राचीन भारतीय शिक्षा पद्धतियों में नैतिकता, आध्यात्मिकता, और सामाजिक जिम्मेदारी को महत्वपूर्ण माना जाता था, जबकि आधुनिक शिक्षा, जो मुख्यत: पश्चिमी पद्धतियों से प्रभावित है। उसमें इन मूल्यों का स्थान अक्सर कम हो जाता है। इस अंतर को समझने के लिए हम भारतीय मूल्यों और आधुनिक शिक्षा पद्धतियों के बीच के अंतर को देख सकते हैं।

प्राचीन भारतीय शिक्षा प्रणाली का उद्देश्य केवल शैक्षिक ज्ञान ही नहीं, बल्कि एक सशक्त और नैतिक व्यक्तित्व का निर्माण भी था। गुरु-शिष्य परंपरा में शिष्य को अपने आदर्श जीवन जीने के लिए मार्गदर्शन दिया जाता था, और यह चरित्र निर्माण पर बल देती थी। आधुनिक शिक्षा पद्धतियों में व्यक्तित्व विकास और चरित्र निर्माण की शिक्षा का अभाव होता जा रहा है। यह अधिकतर पढ़ाई और परीक्षा पर केंद्रित हो गई है, जिससे छात्र केवल अकादमिक सफलता प्राप्त करने के लिए प्रेरित होते हैं, और जीवन के नैतिक और मानसिक पहलुओं की उपेक्षा होती है।


प्राचीन शिक्षा पद्धति में आचार्यों के ज्ञान और अनुभव का अद्भुत समन्वय होता था,आधुनिक शिक्षा में यह डिग्री में सीमित कर दिया गया,जिसके दूरगामी परिणाम बेहद खराब साबित हुए है। डिग्री धारी के साथ अनुभव वाला ज्ञान अत्यधिक महत्वपूर्ण होता है। यह न केवल किसी व्यक्ति के ज्ञान और कौशल को प्रमाणित करता है, बल्कि व्यावसायिक जीवन में उसे सफल, प्रभावशाली और समस्याओं के समाधान में दक्ष बनाता है। डिग्री जहां ज्ञान का आधार है,वहीं अनुभव उसे वास्तविक दुनिया में लागू करने की क्षमता प्रदान करता है। इन दोनों का संयोजन व्यक्ति को न केवल सशक्त बनाता है, बल्कि समाज और व्यवसाय में उसका योगदान भी अधिक प्रभावशाली बनाता है।अनुभव व्यक्ति को समय प्रबंधन और लक्ष्य प्राप्ति में बेहतर बनाता है। उसे यह समझने में मदद मिलती है कि कब और कहां क्या कदम उठाना चाहिए। यह उसे आवश्यक सुधार और नवाचार के लिए अधिक सक्षम बनाता है।डिग्री केवल एक व्यक्ति को सिद्धांत और नैतिक सिद्धांत सिखाती है, जबकि अनुभव उसे वास्तविक जीवन के पढ़े-लिखे और अच्छे निर्णय करने की क्षमता देता है।अनुभव वास्तविक दुनिया में सिद्धांतों और शैक्षिक ज्ञान को लागू करने की क्षमता को बढ़ाता है। यह व्यावसायिक जीवन में आने वाली वास्तविक समस्याओं के समाधान के लिए एक ठोस व्यावहारिक दृष्टिकोण प्रदान करता है।अनुभव के द्वारा व्यक्ति विभिन्न परिस्थितियों में निर्णय लेने की क्षमता विकसित करता है, और यह उसे चुनौतियों और दबाव में कार्य करने की योग्यताएं प्रदान करता है।अनुभव न केवल शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार करता है, बल्कि शिक्षक-छात्र संबंधों को भी मजबूत करता है और शिक्षा के क्षेत्र में सफलता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होता है।

इस दृष्टि से नीति निर्माताओं को यह देखना पड़ेगा कि उच्च शिक्षा में शिक्षकों कि योग्यता का आधार महज डिग्रीधारी न हो जाएं क्योंकि इससे जमीनी स्तर पर काम करने वाले और बदलाव के असली किरदार अपना अमूल्य ज्ञान हस्तांतरित नहीं कर पाएंगे। उच्च शिक्षा संस्थानों में शिक्षकों के चयन पर व्यवहारिक लचीलापन प्राचीन ज्ञान परंपरा और आधुनिक शिक्षा में सामंजस्य का चमत्कृत प्रभाव दे सकता है। अंततःशिक्षण कार्य में अनुभव का महत्व अत्यधिक है,शिक्षण केवल किताबों में लिखी बातों तक सीमित नहीं होता। यह एक ऐसा क्षेत्र है जिसमें अनंत संभावनाएं और भिन्न भिन्न परिस्थितियां है। खेतिहर किसान,मिट्टी गारे से मूर्ति बना लेने वाले मूर्तिकार,स्वयं सेवी संस्थानों से जुड़ी महिलाएं और सामाजिक न्याय के लिए राजनीतिक दलों से जूझने वाले कार्यकर्ता भी अच्छे शिक्षक हो सकते है। उच्च शिक्षा संस्थानों में ऐसे शिक्षकों का खुले मन से स्वागत किया जाना चाहिए और अवसर भी दिए जाने चाहिए।

# केजरीवाल नहीं चाहते दिल्ली में सरकार बने

**रमण रावल**

इस बारे में कुछ भी दावे से कहना अरविंद केजरीवाल की ही तरह बोलकर बदल जाने जैसा होगा, लेकिन हालात तो उस ओर ही संकेत दे रहे हैं । यदि संक्षेप में कहें तो ऐसा इसलिये कि आप की सरकार बनने पर केजरीवाल तो सुप्रीम कोर्ट की जमानत शर्तों के चलते कतई मुख्यमंमत्री बन नहीं सकते। तब किसी अन्य को मौका देना याने अपने पैर पर कुल्हाड़ी मारने जैसा होगा, जो केजरीवाल जैसे नेता के लिये संभव नहीं है। केजरीवाल के ज्ञात राजनीतिक इतिहास के पन्ने तो अपने तमाम विश्वसनीय साथियों और संरक्षक तक को हाशिये पर ठेल देने की दास्तान से भरे पड़े हैं। इसका यह मतलब भी नहीं कि केजरीवाल के चाहने भर से वे विजयी भी हो सकते हैं। वह तो अपनी आसन्न पराजय से निश्चिंत होने के कारण ही कांग्रेस से खुलकर पंगा ले रहे हैं, ताकि हार का ठीकरा उस पर फोड़ सकें। ऐसे हालात में भाजपा की बल्ले-बल्ले होने के भरपूर अवसर हैं। याने बाजी पूरी तरह से पलट सकती है।इसका यह आशय निकालना कि भाजपा की दिल्ली में कमजोर उपस्थिति है, राजनुतिक अपरिपक्वता ही होगी। इसमें अब कोई संदेह शेष नहीं रहा कि अरविंद केजरीवाल के सत्ता सुख का संयोग समाप्त होने जा रहा है और इसके लिये वे स्वयं ही सर्वाधिक जवाबदार हैं । समय के साथ तमाम वादों से मुंह फेर लेना, बड़े-बड़े झूठ बोलना, जिस कांग्रेस को पानी पी-पीकर दस साल कोसते रहे और सोनिया,राहुल गांधी को जेल में डाल देने की केंद्र को चुनौती देने जैसी बातें कहते रहें, वे उनके बगलगीर होकर लोकसभा चुनाव लड़े तो ऐसा लगा जैसे कांग्रेस देश की सबसे पवित्र पार्टी हो गई।



फिर दिल्ली की जनता जिस तरह के त्रास भोग रही है,उसने केजरीवाल एंड कंपनी की चिकनी-चुपड़ी बातों से परदा भी हटा दिया। सोशल मीडिया के इस दौर में दिल्ली की सड़कों पर पसरी गंदगी, यमुना जैसी पवित्र नदी में गटरों व कारखानों का रासयानिक पानी मिलने,शराब दुकानों के किराना दुकान की तरह खुल जाने,भ्रष्टाचार के इंतिहाई कारनामों ने जन-जन को उद्वेलित कर दिया। अरविंद केजरीवाल के न्यूनतम 50 तो ऐसे वीडियो प्रसारित हो चुके होंगे, जिसमें वे पहले कुछ कह रहे हैं और बाद में कुछ । इसमें सरकारी बंगला,कार,नौकर-चाकर न लेने,बच्चों की कसमें खाकर यकीन दिलाने,कांग्रेस के भ्रष्टाचार से आजीवन लड़ने,अपने साथियों के भ्रष्टाचार करने पर जेल भेज देने,दिल्ली की सड़कों को पेरिस की तरह चमकीली बना देने, यमुना को विश्व स्तरीय साफ नदी बना कर उसका जल आचमन कर लेने जैसे असंख्य वादों का भांडाफोड़ किया गया। इन सबसे केजरीवाल की प्रतिष्ठा तो धूमिल हुई ही, आम आदमी पार्टी की साख पर भी बट्टा लगा।

अब जबकि दिल्ली में चुनाव का बिगुल बज चुका है, तब तो ऐसे नये-पुराने तमाम वीडियो और बयानों की बाढ़ आ चुकी है, जिससे केजरीवाल की थू-थू हो रही है। दिल्ली की जनता की उग्र प्रतिक्रियाएं भी कुछ ज्यादा ही सामने आ रही हैं, जो आप का रास्तो पूरी तरह रोक देने का संदेश दे रहे हैं।ऐसे में मतदाता का यह सोचना स्वाभाविक है कि दस साल में जो केजरीवाल और आप उनका भला नहीं कर सके, दिल्ली की तकदीर नहीं चमका सके,उसे इस बार सत्ता सौंपने से बेहतर है कि भाजपा को दिल्ली का चाबी सौंप दी जाये, ताकि दिल्ली व केंद्र में एक ही दल भाजपा की सरकार होने का दोहरा फायदा दिल्ली को मिल सके।

फिर,जिस तरह से कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने दिल्ली की सड़कों पर उतरकर केजरीवाल की बैंड बजाना शुरू किया है,उसने रही-सही कसर भी पूरी कर दी है। कांग्रेस का यही रूख केजरीवाल की नींद उड़ा चुका है तो भाजपा नेतृत्व को राहत दे रहा है। इतना तो राहुल और कांग्रेस भी समझ रहे होंगे कि एक दशक से अधिक समय से दिल्ली से सत्ता से दूर रहकर वे रातोरात सत्ता तो प्राप्त नहीं कर सकते, लेकिन बड़बोले केजरीवाल को उनकी हैसियत में तो लाया ही जा सकता है। आखिरकार,गांधी परिवार कैसे भूल सकता है, जब जंतर-मंतर पर बैठकर केजरीवाल एंड कंपनी ने उन पर सीधे-सीधे तौर पर हमले किये थे और भ्रष्टाचार के आरोप लगाये थे। भले ही इस चक्कर में भाजपा की राह आसान हो जाये।

दिल्ली के विधानसभा चुनाव के आंकड़े देखें जायें तो स्वतंत्र भारत के राजनीतिक इतिहास में वे काफी उल्लेखनीय कहे जायेंगे। 2008 में कांग्रेस ने 70 सदस्यीय विधानसभा में 40.31 प्रतिशत वोट से 43 सीट व भाजपा ने 36.34 प्रतिशत वोट से 23 सीट प्राप्त की थी।2013 में राजनीतिक पटल पर आम आदमी पार्टी उभरी,जिसने 29.5 प्रतिशत वोट से कड़ी टक्कर देते हुए 28 प्राप्त कर ली और कांग्रेस के समर्थन से सरकार बना ली । जबकि भाजपा ने 36 प्रतिशत वोट से 32 सीट लाकर भी सरकार बनाने से वंचित रही । 2015 में देश को अचंभित करते हुए केजरीवाल के नेतृत्व में आप ने 54.3 प्रतिशत वोट से 67 सीटें हासिल की व भाजपा 32.3 प्रतिशत वोट से केवल 3 सीट पर सिमट कर रह गई ।जबकि कांग्रेस पूरी तरह साफ हो गई। भाजपा ने तब चुनाव किरण बेदी के चेहरे पर लड़ा गया था। 2020 के चुनाव में भी केजरीवाल का सितारा बुलंद रहा और 53.57 प्रतिशत वोट से वे 62 सीटें ले आये। जबकि मनोज तिवारी के चेहरे पर भाजपा 38.51 प्रतिशत वोट लेकर भी केवल 8 सीटें ही ला सकीं।

इस बार 2015 व 2020 की तरह कोई चमत्कारिक परिणाम भले न आयें, लेकिन दिल्ली केजरीवाल मुक्त तो हो ही रही है। यूं भाजपा के परचम फहराये जाने पर आश्चर्य नहीं होना चाहिये। दिल्ली में आप सरकार व केजरीवाल एंड कंपनी के पैसे फूंक, तमाशा देख के युग का अंत तो पक्का है ही।

# शेयर बाज़ार ज़रा संभलकर

**राकेश दुबे**

बीता साल 2024 जोखिम भरी परिसंपत्तियों के लिए बेहतरीन सा रहा। बिटकॉइन, सोना और अमेरिकी शेयर का प्रदर्शन खास तौर पर शानदार रहा। अमेरिका में एसऐंडपी 500 सूचकांक ने लगातार दूसरे साल 25 प्रतिशत से अधिक प्रतिफल दिया। इससे पहले अमेरिकी शेयरों ने लगातार दो साल तक 20 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि 1997-98 में डॉट कॉम बबल के दौर में की थी, जब तकनीकी कंपनियों का जलवा था। जैसा हमेशा होता है, उभरते बाजारों की परिसंपत्तियां पिछड़ी रहीं और पिछले साल उनके शेयरों में केवल 8 प्रतिशत की तेजी आई। यूरोपीय शेयर 9.5 प्रतिशत चढ़े मगर अमेरिका अपवाद बना रहा! सोने ने पिछले 25 साल की तरह इस बार भी शेयरों से ज्यादा रिटर्न दिया। उसके भाव 27.5 प्रतिशत चढ़ गए। बिटकॉइन 120 प्रतिशत प्रतिफल के साथ सबसे आगे रहा।

शेयरों के बढ़े मूल्यांकन, बढ़ते खुदरा रुझान और मुद्रास्फीति में नए उभार की ज्यादा चिंता है। बॉन्ड बाजार में हाहाकार मचने का खतरा भी है। अगर आप केप (साइक्लिकली एडजस्टेड प्राइस टु अर्निंग) अनुपात पर नजर डालें तो 1999-2000 में डॉट कॉम बबल के दौरान ही यह इससे ऊंचा था। प्राइस टु बुक या प्राइस टु सेल के अन्य मूल्यांकन मानकों पर हम पहले ही डॉट कॉम बबल के स्तर से आगे पहुंच चुके हैं। मेरे लिए यह मानना मुश्किल है कि तेज विस्तार या बढ़त की कोई गुंजाइश अब बची रह गई है। वित्तीय बाजार के पिछले 25 साल के प्रतिफल के आंकड़े बताते हैं कि लंबी अवधि में मिलने वाले प्रतिफल का अनुमान लगाते समय आरंभिक मूल्यांकन सबसे ज्यादा अहमियत रखता है। क्या अमेरिकी शेयरों से लंबे समय में हमें वाकई जानदार प्रतिफल मिल सकता है, जबकि शुरुआत में ही मूल्यांकन इतना ज्यादा है? पिछले वित्तीय आंकड़े तो इनकार में ही जवाब देते हैं।

मुद्रास्फीति की बात करें तो संकेत यही हैं कि यह अनुमान से कहीं अधिक ढीठ और लंबे समय तक ऊंचाई पर टिकती नजर आ रही है। रोजगार, ब्याज दर से प्रभावित होने वाली खपत और अमेरिकी अर्थव्यवस्था अनुमान से ज्यादा मजबूत दिख रहे हैं। अमेरिकी फेडरल रिजर्व खुद भी भविष्य में दर कटौती करने और कटौती का समय तय करने में खासी सतर्कता बरत रहा है। अभी यह भी देखना है कि डॉनल्ड ट्रंप शुल्क और आव्रजन के मोर्चे पर क्या रुख अपनाते हैं? परंतु वह अपने चुनावी वादों पर अड़े रहे तो फेडरल रिजर्व को आगे जाकर दर घटाने के बजाय बढ़ानी पड़ सकती हैं। किसी को भी 2025 में ऐसा होने का अंदेशा नहीं है, इसलिए बाजार के लिए यह बड़ा सदमा होगा।

दुनिया भर में बॉन्ड बाजार में उतार चढ़ाव है और विकसित बाजारों में राजकोषीय चुनौतियां साफ दिख रही हैं। इस समस्या को हल करने की राजनीतिक इच्छाशक्ति भी नजर नहीं आ रही है। क्या बाजार 5 प्रतिशत के ऊपर बॉन्ड यील्ड झेल पाएंगे क्योंकि अब यील्ड वहां तक पहुंचना संभव लग रहा है। शेयरों की बात करें तो जो अमेरिकी अपवाद पर भरोसा करने वालों से उलटा दांव है। एक तरह से यह धारणा बन चुकी है कि अमेरिका हमेशा बेहतर प्रदर्शन करेगा और किसी भी दूसरे देश या क्षेत्र में निवेश करना समय की बरबादी है। इस पर सबकी रजामंदी भी साफ नजर आती है। आज कई सक्रिय निवेशक ऐसे हैं, जिन्होंने अमेरिका के कमजोर प्रदर्शन का दौर देखा ही नहीं है क्योंकि पिछले 16 साल से अमेरिकी शेयर बाकी सबसे ज्यादा रिटर्न देते रहे हैं। मगर हमेशा ऐसा नहीं रहा है। वैश्विक वित्तीय संकट के पहले तमाम क्षेत्रों का प्रदर्शन देख लीजिए। एक दूसरे की तुलना में मूल्यांकन, निवेशकों के निवेश और डॉलर की जरूरत से ज्यादा कीमत को देखते हुए मुझे दूसरों से अलग सोचना सही लग रहा है। कोई भी संपत्ति या क्षेत्र हमेशा औरों से बेहतर प्रतिफल नहीं दे सकता।

फिर भी दूसरे पक्ष पर विचार करना हमेशा समझदारी होती है। अमेरिका में तेजी की उम्मीद क्यों लगाई जा रही है? हम कहां गलत हो सकते हैं? अमेरिका से उम्मीद लगाए विश्लेषकों और टिप्पणीकारों की रिपोर्ट पढ़कर पता लगता है कि कई लोग मूल्यांकन से चिंतित नहीं हैं क्योंकि इसका कोई समय तय नहीं होता। कई बार बाजार पारंपरिक पैमानों पर सालों महंगे रह सकते हैं। डॉट कॉम बुलबुले के दौर में केप अनुपात आज के स्तर पर पहुंचने के बाद दो साल तक शेयर बाजार चढ़ते रहे थे। उस समय बाजार ने लगातार चार साल 20 फीसदी से अधिक प्रतिफल दिया था। हो सकता है कि फिर नया बुलबुला बनने का आपका अंदेशा सही हो फिर भी 2025 में बाजार दमदार प्रदर्शन कर सकते हैं। अमेरिका में अब भी केवल 2.1 फीसदी आर्थिक वृद्धि का अनुमान है मगर अर्थव्यवस्था का प्रदर्शन बेहतर है, जिसकी वजह से आंकड़े बढ़ सकते हैं। अमेरिकी वृद्धि हर्षमिश्रित अचंभा देती जा रही है। चकित करने वाली वृद्धि, बेहतर वित्तीय स्थिति और फेड की दरों में कटौती हमेशा ही वित्तीय संपत्तियों के लिए बहुत अच्छी बात रही है। ब्याज दरों में कटौती भी हमेशा से शेयर बाजारों के लिए अच्छी रही है।

कई लोग मानते हैं कि आर्टिफिशल इंटेलिजेंस (एआई) में भारी भरकम निवेश बरबादी या बुलबुला नहीं है। पूंजीगत व्यय में इजाफे से कंपनियों का मुनाफा बढ़ेगा और उत्पादकता बढ़ेगी। अमेरिका में पहले ही 2 फीसदी से अधिक श्रम उत्पादकता है, जो किसी भी जी 7 देश से बहुत अधिक है। उत्पादकता अधिक होगी तो आर्थिक वृद्धि भी ज्यादा रहेगी, कंपनियों का मुनाफा बढ़ेगा मुद्रास्फीति घटेगी। एआई के क्षेत्र में अमेरिका दुनिया में सबसे आगे है। चार अमेरिकी कंपनियां - अल्फाबेट, मेटा, एमेजॉन और माइक्रोसॉफ्ट - ही 2025 में एआई पर 240 अरब डॉलर से ज्यादा पूंजी खर्च करेंगी। इस मामले में कोई उनके आसपास भी नहीं फटकता। अगर एआई इंटरनेट की तरह भारी बदलाव लाने वाली तकनीक साबित होगी तो कौन जाने कि इस निवेश का कितना अच्छा असर होगा?

अमेरिका में न तो मंदी के और न ही अर्थव्यवस्था सुस्त होने के संकेत हैं। मंदी की आहट देने वाले प्रमुख संकेतक जैसे यील्ड कर्व (बॉन्ड यील्ड और परिपक्वता में बचे समय के बीच संबंध दर्शाने वाला) या साम रूल पिछले दो महीनों में उलटी चाल चल रहे हैं। मंदी या आर्थिक सुस्ती नहीं होने पर शेयर बाजार में बिकवाली मुश्किल से ही दिखती है। फेड अब भी दरें घटाने की सोच रहा है यानी बाजार में गिरावट की स्थिति नहीं है।

मुझे लगता है कि यहां से अमेरिकी शेयरों मे पैसा यही मानकर बनाया जा सकता है कि हम डॉट कॉम बुलबुले को दोहरा रहे हैं। खुदरा धारणा के मामले में हम कहां हैं, बाजार किस तरह कुछ ही शेयरों और तकनीकी शेयरों के बल पर चढ़ रहा है, उसका मूल्यांकन दूसरों के मुकाबले कैसा है, यह सब देखकर तो यही कहा जाएगा कि बाजार बहुत नाजुक दौर से गुजर रहे हैं। यह सब देखकर अमेरिका से बाहर निवेश करना ही ठीक लग रहा है चाहे निवेश समितियों को समझाना कितना ही मुश्किल क्यों न हो। आप यह सोचकर अमेरिकी बाजार में निवेश बनाए रख सकते हैं कि गिरावट से ऐन पहले आप बाजार से निकल जाएंगे।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक भरत पटेल द्वारा इंडिपेंडेंट प्रेस 11, प्रेस काम्प्लेक्स, एमपी नगर, जोन-1, भोपाल से मुद्रित तथा 226, एमपी नगर जोन-2, भोपाल से प्रकाशित। संपादक — भरत पटेल, प्रबंध सलाहकार — भारती पटेल, संपादकीय सलाहकार — विष्णु कौशिक, सलाहकार संपादक - स्मिता पटेल, स्थानीय संपादक —संजय सक्सेना,
प्रकाशन से संबंधित समस्त समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त न्यायिक कार्यवाहियों के लिए क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय का रहेगा। रजि. नं. भोपाल डिवी. 48 म.प्र.। ई-मेल : dspbpl67@gmail.com, वेबसाईट: dainiksandhyaprakash.in

# जनसुनवाई में शिकायत के बाद तहसील कोर्ट ने रोका निर्माण कार्य

बैतूल। काशी तालाब क्षेत्र में अतिक्रमण को लेकर तहसील न्यायालय ने स्थगन आदेश जारी करते हुए निर्माण कार्य पर रोक लगा दी है। आदेश में कहा गया है कि संबंधित भूमि पर किसी भी प्रकार का हस्तक्षेप या निर्माण कार्य नहीं किया जाए। यदि आदेश के बाद भी निर्माण किया गया है। तो न्यायालय के आदेश का उल्लघंन माना जाएगा। गैरतलब है कि रामेश्वर कृष्ण कुमार और क्षेत्रवासियों ने कलेक्टर को जनसुनवाई में शिकायत की थी। जिसके आधार पर राजस्व निरीक्षक नजूल द्वारा प्रस्तुत जांच प्रतिवेदन से स्पष्ट हुआ कि नजूल शीट नंबर 35, प्लॉट नंबर 26, क्षेत्रफल 42270 वर्गफुट, जो कि काशी तालाब का भाग है। 17 ×16 वर्गफुट पर अतिक्रमण किया जा रहा था। जांच मे पाया गया कि रमेश कुमार बोरखड़े ने चार स्तंभ खड़े कर अतिक्रमण करने का प्रयास किया है ।जांच प्रतिवेदन के आधार पर तहसील न्यायालय ने उक्त भूमि को लेकर यथास्थिति आदेश जारी किया। आदेश में स्पष्ट है कि जब तक प्रकरण का निराकरण नहीं हो जाता तब तक रमेश कुमार बोरखड़े और उनके माध्यम से कोई भी व्यक्ति इस भूमि पर किसी प्रकार का निर्माण कार्य नहीं करेगा। साथ ही 21 तारिख को न्यायालय में उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं।

# 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ एवं संस्कार महोत्सव

खरगोन बमनाला। ग्राम सुर्वा में अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में दिनांक 18 जनवरी 2025 से 21 जनवरी 2025 तक पावन प्रज्ञा पुराण कथा 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ एवं संस्कार महोत्सव का आयोजन ग्राम सुर्वा तहसील भीकनगांव जिला खरगोन में किया जा रहा है जिसमे गायत्री परिवार से जुड़े क्षेत्र के सदस्यों ने कई दिनों से कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए लगातार प्रयास एवं प्रचार किए गए हैं. ग्राम सुर्वा के वरिष्ठ कार्यकर्ता श्री गजानंद जी यादव एवं लक्ष्मीनारायण कुमरावत और उनके साथ सभी ग्रामीणों के द्वारा बताया गया कि इस कार्यक्रम से क्षेत्र में काफी उत्साह देखा जा रहा है, गायत्री परिवार से जुड़े आस पास के क्षेत्र पोई , ललनी, सोनवाडा, बमनाला , सगुर, साईंखेड़ी, भोपाड़ा, भिकनगांव के सदस्यों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

# पुलिस अधीक्षक पंकज पांडे द्वारा यातायात सम्बन्धी जानकारियां दी गई



औबेदुल्लागंज( संवाददाता)- रायसेन पुलिस अधीक्षक पंकज पांडे द्वारा मंडीदीप ॥श्वत्र फैक्ट्री के सभागार मे नगर ग्राम रक्षा समिति की बैठक ली गई,जिसमे पुलिस अधीक्षक ने ट्रैफ़िक व्यवस्था, साइवर अपराध, नशे को लेकर अहम् जानकारिया देते हुए नगर ग्राम रक्षा समिति के सदस्यों को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम के दौरानपुलिस अधीक्षक पंकज पांडे वं औबेदुल्लागंज अनुभाग अधिकारी स्ष्ठह्नक्शीला सुराणा एवं अनुभाग में आने वाले समस्त थानो के थाना प्रभारी व स्टाफ मौजूद रहा कार्यक्रम के बाद स्र्य फाइनेंस कम्पनी के द्वारा रायसेन पुलिस अधीक्षक पंकज पांडे की मौजूदगी में सड़क सुरक्षा के तहत हेलमेट वितरण किये गये।साथ ही पुलिस अधीक्षक के द्वारा हरी झंडी दिखाकर यातायात रथ को रवाना किया गया।जिसमे पुलिस प्रशासन के आला अधिकारी हेलमेट पहन कर नगर मे रैली निकलते हुए सतलापुर थाने पहुँचे।

# किसान भाई समर्थन मूल्य पर गेहूं विक्रय के लिए 31 मार्च तक कराएं पंजीयन

छतरपुर। रबी उपार्जन वर्ष 2025-26 में 2425 रुपए प्रति क्विंटल रुपए समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के लिए कृषक पंजीयन का कार्य के लिए 20 जनवरी से 31 मार्च 2025 नियत की गई है। कलेक्टर पार्थ जैसवाल द्वारा जारी आदेशानुसार पंजीयन की निःशुल्क व्यवस्था के लिए ग्राम पंचायत कार्यालय में स्थापित सुविधा केन्द्र, जनपद कार्यालयों के सुविधा केन्द्र, तहसील कार्यालयों में स्थापित सुविधा केन्द्र एवं सहकारी समितियों एवं विपणन संस्थाओं द्वारा संचालित पंजीयन केन्द्र एवं एम.पी. किसान एप निर्धारित है। इसके अलावा एम.पी. ऑनलाईन कियोस्क, सीएससी सेन्टर, लोक सेवा केन्द्र एवं निजी व्यक्तियों द्वारा संचालित साइबर कैफे पर 50 रूपए सशुल्क के साथ पंजीयन कराया जा सकता है।

कलेक्टर द्वारा किसान पंजीयन एवं उपार्जन कार्य में आने वाली तकनीकी समस्याओं के निराकरण के लिए तकनीकी समिति का गठन किया गया है। इसके अलावा किसान पंजीयन, गेहूं उपार्जन के पर्यवेक्षण, स्कंध की गुणवत्ता तथा अन्य विषयों पर निर्णय लेने के लिए जिला स्तरीय उपार्जन समिति एवं अनुविभाग स्तरीय समिति का भी गठन किया है। जो निर्धारित समय सीमा में पंजीयन सत्यापन का कार्य सम्पन्न कराने एवं किसानों को उपार्जन के समय असुविधा न हो आदि के लिए उत्तरदायी होगी। किसान भाइयों से अपील की गई है कि समर्थन मूल्य पर गेहूं विक्रय करने के लिए अपना पंजीयन 31 मार्च के पूर्व करा लें। ताकि समर्थन मूल्य योजना का लाभ मिल सके।

# ढाबों पर अवैध रूप से मदिरा पान करने और कराने वाले 7 गिरफ्तार




छतरपुर। कलेक्टर पार्थ जैसवाल के निर्देशन में नशा मुक्ति अभियान अंतर्गत आबकारी टीम द्वारा छतरपुर शहर के ढाबों पर छापामार कार्रवाई की गई। मुखबिर की सूचना पर विगत रात्रि आबकारी अधिकारी भीमराव वैद्य के नेतृत्व में महोबा रोड, नौगांव रोड, सागर रोड के ढाबों पर आबकारी टीम द्वारा दबिश दी गई और पन्ना रोड स्थित पंचवटी ढाबा पर अवैध रूप से 3 व्यक्ति मदिरा पीते पाए गए एवं 1 व्यक्ति ढाबे का संचालन कर मदिरा परोसते पाया गया। ठीक वैसे ही सागर रोड पर स्थित बुंदेलखंड ढाबा एवं शिव फैमिली ढाबा पर भी 4 लोगों को अवैध रूप से मदिरा पान करने और कराने पर गिरफ्तार किया गया। उक्त आरोपियों पर आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर गिरफ्तार किया गया जिन्हें छतरपुर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया जहां जुर्माना आरोपित किया गया। अवैध ढाबों पर मदिरापान किया जाना संज्ञेय अपराध की श्रेणी में आता है।

# नवनिर्वाचित भाजपा अध्यक्ष के कांग्रेस को समाप्त कर देने वाले बयान पर ओबीसी कांग्रेस अध्यक्ष धोटे का पलटवार

## भाजपा अध्यक्ष की ब्यान बाजी कांग्रेस समर्थको को चुनौती .. ओबीसी कांग्रेस

सांध्य प्रकाश बैतूल। भारतीय जनता पार्टी के संगठन पर्व के समापन अवसर पर जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित सम्मान समारोह में जनप्रतिनिधियों पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओ को संबोधित करते हुए नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष सुधाकर पंवार ने कहा कि मैं भाजपा का कार्यकर्ता हूँ कार्य करता रहूंगा। और हम सब मिलकर कांग्रेस को समाप्त कर देंगे । नवनियुक्त भाजपा अध्यक्ष के इस बयान बाजी से कांग्रेस कार्यकर्ताओं और समर्थक जनता के बीच चर्चा गरम होने लगी है। यह भी कहा जा रहा है। कि भाजपा अध्यक्ष ने यह बयान उन कांग्रेस कार्यकर्ताओं को उकसाने के लिए कही है । जो चुनाव के दौरान भाजपा में शामिल हुए थे। अगर विचार करे तो मध्य प्रदेश मे जनता ने कांग्रेस की सरकार चुनी थी। और सिंधिया उन कांग्रेस विद्यायकों को लेकर भाजपा में शामिल हुए थे जिन्हें जनता ने कांग्रेस को वोट करके विधायक चुना था।



पिछड़ा वर्ग कांग्रेस अध्यक्ष श्री नारायण धोटे ने भजापा अध्यक्ष श्री पवार के ब्यान को लेकर तीखी प्रतिकिया देते कहा की नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्री पवार ने अति उत्साहित होकर कांग्रेस को समाप्त करने वाली इस प्रकार की ब्यान बाजी की है। इस लोक सभा चुनाव के परिणाम में देश की जनता का रुझान समझ आ गया है। कांग्रेस पार्टी या उसके वजूद को समाप्त करने वाली कहना हास्यास्प्रद वाली बात है । तो वही कांग्रेस समर्थक जनता के आत्मविश्वाश को चुनोति देकर उन्हें आधात करने वाली बात भाजपा अध्यक्ष ने नही है। श्री पवार को पहले तो जिले में भाजपा मे शामिल कुछ आपराधिक मानसिकता वाले कार्यकर्तो को पार्टि से समाप्त करने की बात कहना चाहिए था। उन्होंने कहा विधान सभा आमला के सारणी नपा क्षेत्र में पिछड़ा वर्ग समाज के भाजपा समर्थक नेता और पदाधिकारी रविंद्र देशमुख का आत्महत्या कांड एक बढा उधाहरण है। जिसने पुरे मध्य प्रदेश में भाजपा की प्रतिष्ठा को पूरी तरह समाप्त कर दिया है । श्री धोटे ने कहा कि तिरंगा कलर और कांग्रेस पार्टी भारत की पहचान है। किसी भी राजनैतिल पार्टी के वजूद को समाप्त करने बात कहने का कोई औचित्य नहीं ।

# सेमरी हरचंद के नए पंचायत भवन के लोकार्पण समारोह में चुने हुए जन प्रतिनिधियों की हुई उपेक्षा, कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**सेमरी हरचंद।** सोहागपुर जनपद पंचायत क्षेत्र के जनपद अध्यक्ष, जालम सिंह पटेलजनपद उपाध्यक्ष, राघवेंद्र सिंह पटेलजिला पंचायत सदस्य, दौलत राम पटेलजनपद पंचायत सदस्य डाली शर्माहैं हमारे क्षेत्र में होने वाले शासकीय कार्यक्रमों में जैसे स्कूलों में साइकिल वितरण, भूमिपूजन एवं लोकार्पण जैसे कार्यक्रमों में निमंत्रण पत्र एवं भूमिपूजन लोकापर्ण प?ट्टियों में नाम नहीं दिए जा रहे है जनपद अध्यक्ष जालम सिंह पटेल ने बताया कि आज 17 जनवरी कोसेमरी हरचंद में पंचायत भवन के लोकार्पण कार्यक्रम में हमें नहीं बुलाया गया है। इससे हमारी भावनाएं आहत हुई हैं एवं शासकीय नियमों की अवहेलना श्रेणी आता है। इस संबंध में नर्मदा पुरम जिला मुख्यालय जाकर जाकर कलेक्टर सोनिया मीणा एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सोजान सिंह रावत के नाम ज्ञापन सोपा गया है हालांकि दोनों अधिकारी नहीं मिले लेकिन ज्ञापन सौंप कर पावती ले ली गई है इसी मुद्दे को लेकर जिला पंचायत अध्यक्ष उपाध्यक्ष एवं लगभग सभी जिला पंचायत सदस्य जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक का बहिष्कार कर चुके हैं सभी ने कमिश्नर एवं कलेक्टर को ज्ञापन सोपा था लेकिन अधिकारियों की कर प्रणाली में कोई सुधार नहीं आया है ज्ञापन में निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के नाम नहीं दिए गए लेकिन भाजपा के मंडल अध्यक्ष योगेश मालवीय को विशेष अतिथि बनाया गया है जिन संबंधित अधिकारियों ने प्रोटोकॉल का उल्लंघन किया है उन पर तत्काल कार्रवाई होनी चाहिए इसके साथ ही ज्ञापन में कार्यक्रम को निरस्त किया जावे एवं भविष्य में होने वाले कार्यक्रमों में ध्यान रखा जाएं। अन्यथा हम जनप्रतिनिधि धरना प्रदर्शन के लिए मजबूर होंगे। ज्ञापन सौपते समय जनपद अध्यक्ष जालम सिंह पटेल उपाध्यक्ष राघवेंद्र सिंह पटेलजिला पंचायत सदस्य दौलत राम पटेल एवं जनपद सदस्य मौजूद रही

# तीन दिवसीय फैकल्टी एवं स्टूडेंट डेवलपमेंट प्रोग्राम का हुआ आयोजन



इटारसी- शासकीय कन्?या महाविद्यालय, इटारसी में स्वामी विवेकानन्द कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ट के अंतर्गत तीन दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम (एफडीपी) और स्टूडेंट डेवलपमेंट प्रोग्राम (एसडीपी) का आयोजन किया गया। पुणे इंस्टीट्यूट ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट के एम.पी. और छत्तीसगढ़ क्षेत्र के क्षेत्रीय प्रमुख अमित चक्रवर्ती (पीआईबीएम) और कु. दीया सिंघल ने संकायों को नए कौशल सेट और दक्षताओं का प्रशिक्षण दिया । प्रशिक्षण से वर्तमान उद्योग की जरूरतों के मानकों के अनुसार छात्रों को शिक्षण सिखाने में प्रासंगिक होगा। उन्होंने छात्रों को मनोसामाजिक कौशल सिखाया जिन्हें छात्रों के मौजूदा कौशल और कंपनियों द्वारा आवश्यक कौशल के बीच अंतर को कम करने के लिए सावधानीपूर्वक डिज़ाइन किया गया है। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. आर.एस. मेहरा ने नए मिश्रित शिक्षण सीखने के अनुभवों को भी स्पष्ट किया। स्वामी विवेकानन्द कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ट प्रभारी स्नेहांशु सिंह ने पी.आई.बी.एम. टीम से निकट भविष्य में कॉलेज में ऐसी गतिविधियों का आयोजन करने का अनुरोध किया। आई.क्यू.ए.सी. प्रभारी डॉ. हरप्रीत रंधावा ने विद्यार्थियों को जीवन में भविष्य में नए प्रयास के लिए शुभकामनाएं दी। डॉ. संजय आर्य ने कहा की इस प्रकार के प्रोग्राम से छात्रों में रोज़गार, आलोचनात्मक सोच, सहयोग, उद्योग जगत, रचनात्मकता और संचार कौशल विकसित होता हैं। स्टूडेंट डेवलपमेंट प्रोग्राम (एसडीपी) में 50 से अधिक छात्रों ने भाग लिया। इस प्रोग्राम में श्रीमती मंजरी अवस्थी, डॉ. हरप्रीत रंधावा, स्नेहांशु सिंह, रवींद्र चौरसिया, श्रीमती पुनम साहू, डॉ. हर्षा शर्मा, डॉ. संजय आर्य, डॉ. शिखा गुप्ता, डॉ. शिरीष परसाई, डॉ. श्रद्धा जैन, डॉ. नेहा सिकरवार, प्रिया कलोसिया, हेमंत गोहिया, क्षमा वर्मा, करिश्मा कश्यप, शोभा मीना, तरूणा तिवारी और मंथन दुबे ने तीन दिवसीय फैकल्टी विकास कार्यक्रम (एफडीपी) में भाग लिया।

# बोरावां में अरूण यादव का उत्साहपूर्वक मनया जन्मदिन

## सचिन यादव ने कार्यकर्ताओं का किया स्वागत और माना आभार



खरगोन/, मप्र कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष और पूर्व केन्द्रीय मंत्री अरूण यादव का जन्मदिन बुधवार को कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक मनाया । श्री यादव के जन्मदिन पर निमाड़ अंचल सहित प्रदेश भर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं, उनके समर्थकों और प्रशंसकों ने सेवा कार्य भी किए । श्री यादव के गृहगांव बोरावां में उनके अनुज पूर्व कृषि मंत्री एवं विधायक सचिन यादव की मौजूदगी में परिवारजनों और कार्यकर्ताओं ने जन्मदिन मनाया । श्री यादव के जन्मदिन पर समूचे निमाड़ अंचल से आए कार्यकर्ताओं का सचिन यादव ने स्वागत किया । अरूण यादव के जन्मदिन पर सचिन यादव और उनकी माताजी श्रीमती दमयंती यादव ने केक काटा और अरूण यादव के दीर्घायु होने की कामना की ।

बोरावां पहुँचे कार्यकर्ताओं ने श्री यादव के जन्मदिन के अवसर पर आतिशबाजी की ।पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं कसरावद विधायक सचिन यादव ने उपस्थित कार्यकताओं का आत्मीयता से आभार व्यक्त किया । श्री यादव ने आगे कहा कि पूज्य बाबूजी सुभाष यादव के समय से आप सभी स्नेह और आशीर्वाद सदैव मिलता आया है और आशा करता हूँ कि आगे भी यह सिलसिला अनवरत जारी रहेगा ।

# शिक्षक संघ के तहसील एवं विकास खण्ड स्तरीय चुनाव संम्पन्न



**मण्डला**--जिले में विकासखंड बीजाडाँडी पर 15 जनवरी को जिला मण्डला इकाई से प्राप्त निर्देशो एवं जिला अध्यक्ष विवेक शुक्ला के निर्देशन व निर्वाचन अधिकारी मांगन यादव की उपस्थिति में खण्ड स्तरीय एवं तहसील स्तरीय चुनाव में रतन सिंह मरकाम एवं रमेश प्रसाद पटैल निर्विरोध निर्वाचित हुए दोनो प्रत्याशियो के चयन पर शिक्षको मैं हर्ष व्याप्त है।उक्त दोनों चुनाव के साथ ही अन्य पदों के चयन की प्रक्रिया भी सर्वसम्मति से पूर्ण की गई।जिसमे विभिन्न पदाधिकारी नियुक्त किए गए।जिनके नाम इस प्रकार हैं-शाखा अध्यक्ष रतनसिह मरकाम, उपाध्यक्ष जगत सिंह तूमराची, उपाध्यक्ष गैंदलाल मरावी,सचिव कुलभूषण सिंह यादव, कोषाध्यक्ष धीरासिँह मरावी, तहसील शाखा अध्यक्ष रमेशप्रसाद पटेल, उपाध्यक्ष एस महोबिया, उपाध्यक्ष नरेंद्र मरावी,सचिव विनय कुमार झारिया,कोषाध्यक्ष गणेश हँसपुरिया सहित कार्यकारिणी का गठन कियां गया।चुनाव कार्यक्रम, कार्यकारी अध्यक्ष मण्डला मनोज चंदेल एवं चुनाव अधिकारी माँगन लाल यादव के निर्देशन मे संम्पन हुए इस कार्यक्रम में पैंशनर एसोसिएशन के ब्लॉक अध्यक्ष भारत सिँह मरावी के अलावा श्रीमती ज्योति हूँका,कृष्ण कुमार आर्मो,मोतीलाल पट्टा, एमएल डोँगरे, पंचम सिँह वरकडे, वीरशाह, नन्हेलाल वरकडे, जीपी.हँसपुरिया,आधार सिँह तेकाम,हरिप्रसाद वरकडे ,जी एस धुर्वे,विवेक साहू,गणेश प्रसाद मसराम आदि अनेक शिक्षक उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष विवेक साहू द्वारा किया गया।आभार प्रदर्शन नवनियुक्त शाखा अध्यक्ष रतन सिंह मरकाम के द्वारा किया गया। नवीन कार्यकारिणी के गठन पर जिला शाखा के वरिष्ठ पदाधिकारी विवेक शुक्ला,असीम गौतम,राजकुमार सिंगौर,अखिलेश चंद्रोल,शैल कुमार दुबे, शौपत कुर्बेती,राकेश शुक्ला,योगेश चौरसिया, रामकुमार पटेल, इंद्रा सिंगरौरे, सुरेखा वैश्य, शांति मरावी ने हर्ष व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं दी है।

## रायसिंह मेवाड़ा मित्र मंडल ने किया नवनियुक्त भाजपा जिलाध्यक्ष का स्वागत

आष्टा। भारतीय जनता पार्टी मध्यप्रदेश संगठन चुनाव वर्ष 2024 के तहत जिलाध्यक्ष सीहोर जिले का भाजपा जिलाध्यक्ष सीहोर के पूर्व नपाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा को बनाया गया। मेवाड़ा के भाजपा जिलाध्यक्ष बनने पर उनके समर्थकों में हर्ष व्याप्त है। इसी के चलते नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा द्वारा अपने साथियों के साथ सीहोर स्थित भाजपा कार्यालय पहुंचकर नवनियुक्त भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा का साफा बांधकर एवं पुष्पमाला पहनाकर स्वागत कर बधाई दी गई।

# रातापानी टाइगर रिजर्व के वन परिक्षेत्र में अनुभूति कार्यक्रम सम्पन्न



औबेदुल्लागंज (संवाददाता)- जिले के वन मंडल ओबेदुल्लागंज के रातापानी टाइगर रिजर्व के वन परिक्षेत्र बरखेड़ा अंतर्गत भीमबैठका जंगल में अनुभूति कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दिवटिया एवं बरखेड़ा से 60-60 कुल 120 छात्र-छात्राओं के साथ 10 शिक्षक शामिल हुए। कार्यक्रम में वन मंडलाधिकारी औबेदुल्लागंज हेमंत रायकवार, अधीक्षक रातापानी, 17 आईएफएस ट्रेनी, स्थानीय जनप्रतिनिधि तथा वन विभाग के अधिकारी, कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में सर्वप्रथम बच्चों को उनके स्कूल प्रांगण से अनुभूति गंतव्य स्थल तक बस से लाया गया। समस्त सहभागी के साथ चिकित्सा विभाग स्टाफ प्राथमिक उपचार सुविधाओं के साथ उपस्थित रहे। कार्यक्रम के प्रारंभ में विद्यार्थियों को रूपरेखा से अवगत कराते हुए प्रकृति पथ पर भ्रमण हेतु ले जाया गया जहां वन विभाग द्वारा की जाने वाली विभिन्न गतिविधियों जैसे जल संरक्षण, मृदा संरक्षण, रहवास सुधार कार्य, वाटरहोल, तालाब निर्माण आदि संरचना का मॉडल से अनुभूत कराया गया। साथ ही वन्य प्राणी निगरानी गस्ती, कैमरा ट्रैप, पगमार्क ट्रैक एवं वन्य जीवों की पहचान के साथ-साथ विभिन्न वनस्पति की पहचान, विशेषता व उपयोग के बारे में भी बताया गया। इसके उपरांत छात्र-छात्राओं का प्रश्नोत्तरी प्रतिस्पर्धा कराई गई जिसमें प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी को बाघ, द्वितीय स्थान बारहसिंगा, तृतीय स्थान मगरमच्छ उपहार के तौर पर पेपर मेसी से बनी मूर्तियां प्रदान की गई। अंत में कार्यक्रम के संबंध में अनुभव साझा कराया गया जिसमें विद्यार्थियों एवं शिक्षकों द्वारा कार्यक्रम की प्रसन्नता की गई।

# जबलपुर में जिला कांग्रेस एवं ग्रामीण की बैठक ली रजनीश सिंह ने



सिवनी- केवलारी विधायक ठा. रजनीश हरवंश सिंह ने 17 जनवरी 2025 को मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देश पर जिला कांग्रेस कमेटी जबलपुर ग्रामीण की पाटन विधानसभा के मझौली ब्लॉक एवं पाटन ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की संगठनात्मक बैठक लिया।

केवलारी विधायक ने जिला जबलपुर ग्रामीण प्रभारी के रूप में जिला कांग्रेस अध्यक्ष डॉ.निलेश जैन, जिला कांग्रेस सहप्रभारी एवं पूर्व विधायक गाडरवाडा श्रीमती सुनीता पटेल की उपस्थिति में जिला जबलपुर की पाटन विधानसभा में जिला एवं ब्लॉक, मंडलम, सेक्टर, मोर्चा संगठन विभाग एवं प्रकोष्ठ पदाधिकारियों की संगठनात्मक बैठक ली। बैठक के पूर्व श्री सिंह ने पाटन के वीर शहीद गुलाब सिंह पटेल जी की मूर्ति पर पुष्प माला अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित किया तत्पश्चात् राष्ट्रगान कर बैठक प्रारंभ की। केवलारी विधायक ने जिले में संगठन को मजबूत करने के लिए उपस्थित कांग्रेस जनों से सुझाव मांगे एवं बैठक को सम्बोधित करते हुए वर्तमान में देश की जनता भाजपा के भ्रष्टाचार से त्रस्त है चुनाव में किये गये वादों को पूरा करने में उनकी कोई रूचि नहीं है, महत्वपूर्ण पदों में बैठे भाजपा के मंत्री अनर्गल बातें कर लोगों का ध्यान देश के प्रमुख मुद्दो से मंहगाई, गरीबी, भुखमरी, किसानों की समस्या, महिलाओं की प्रताड़ना, भ्रष्टाचार से हटाना चाहते हैं, केन्द्रीय ग्रहमंत्री अमित शाह द्वारा संविधान रचियता डॉ. भीमराव अम्बेडकर बाबा साहेब जी का संसद में अपमान किया गया, यह बात कांग्रेस के प्रत्येक कार्यकर्ता को लोगो तक पंहुचाना चाहिये। विधायक ठा.रजनीश हरवंश सिंह ने प्रत्येक कांग्रेस कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक लोगों को कांग्रेस पार्टी की विचारधारा से जोड़ने की बात कही, यदि भारत देश को सशक्त, समृद्ध,शक्तिशाली देखना चाहते है तो सत्ता में कांग्रेस की वापसी जरूरी है।

बैठक में अध्यक्ष जिला कांग्रेस जबलपुर ग्रामीण डॉ. निलेश जैन, सहप्रभारी एवं पूर्व विधायक गाडरवाडा श्रीमती सुनीता पटेल, पूर्व ज़िलाध्यक्ष विष्णु शंकर पटेल, जिला संगठन मंत्री राजकिशोर पटेल, जिला महासचिव मनीष पटेल, मुकुंद खंपरिया, नगर अध्यक्ष पाटन संदीप गुरुजी, ब्लॉक अध्यक्ष मझोली दिलीप राजपूत, रमेश पांडे, राजेश तिवारी, बहादुर पटेल जी,प्रदीप पटेल, सुरेश माँझी, ठा. विक्रम सिंह,शिवराम पटेल, राजेश पटेल, बच्चा यादव सहित प्रदेश कांग्रेस, जिला, ब्लॉक, विभाग एवं प्रकोष्ठ, युवा कांग्रेस, मंडलम, सेक्टर, बूथ कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रहीं।

**कार्यालय नगर पालिका पिपरिया, जिला-नर्मदापुरम् (म.प्र.)**
Muncipal Conocil Pipariya Distt-Narmadapuram
पं.दीनदयाल उपाध्याय पार्क के बाजू मे. तिलक वार्ड, पिपरिया फोन नं. 07576-222041 पिन-461775 EMail- emopipariya@mpurban.gov.in
**ई- निविदा आमंत्रण सूचना**
क्रमांक/नपात 2025/919 पिपरिया दिनांक-17.01.2025
निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण https://mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है।

| क्रं. | निविदा क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रात्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_UAD_396751_1 Publish Date 17.01.2025 Nit No. 914_17.01.2025 | इंदिरा गांधी वार्ड में सौरभ श्रीवास्तव से मैन नाली तक नाली निर्माण एवं विनोवा वार्ड में इतवारा बाजार से निकलने वाले पचमढ़ी मेन रोड पर ज्योति लॉज के आगे हनुमान मढिया के पास बनी पुलिया का चौडीकरण निर्माण कार्य। | 1. 3 माह 2. 1095260/- | 1. 2000/- 2. 8215/- | 12.02.2025 |
| 2 | 2025_UAD_396734_1 Publish Date 17.01.2025 Nit No. 915_17.01.2025 | भगत सिंह वार्ड में गोस्वामी आटा चक्की से पुनौर वाले रघुवंशी जी के घर के आगे रोड निर्माण एवं राजेन्द्र वार्ड में श्री प्रभात पाठक के मकान के बगल से श्री वीरेन्द्र मोहता के मकान तक रोड निर्माण कार्य। | 1. 3 माह 2. 1507219/- | 1.2000/- 2. 11305/- | 12.02.2025 |
| 3 | 2025_UAD_396774_1 Publish Date 17.01.2025 Nit No. 916 17.01.2025 | कस्तुरबा वार्ड में दीवान चौराहे से ठाकुर बाबा मंदिर तक रोड निर्माण कार्य। / तिलक वार्ड में स्थित अशोका होटल के पास सी.सी. सड़क निर्माण कार्य। / तिलक वार्ड में स्थित पुरानी गल्ला मंडी में हनुमान मंदिर के पास मैदान का कांक्रीट निर्माण कार्य। / जाकिर हुसैन वार्ड में डा. माहेश्वरी के बाजू वाली गली से ऊमर वाले दादा जी एवं चमन साड़ी सेन्टर वाली रोड निर्माण कार्य। | 1. 3 माह 2.4839774/- | 1.5000/- 2.36300/- | 12.02.2025 |

नोटः- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईड पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद पिपरिया**

## रियलमी ने दुनिया का पहला कोल्ड सेंसिटिव कलर चेंजिंग फोन रियलमी 14 प्रो सीरीज़ 5जी लॉन्च किया

मुंबई, एजेंसी। भारतीय युवाओं के सबसे लोकप्रिय स्मार्टफोन ब्रांड, रियलमी ने आज अपने स्मार्टफोन और एआईओटी पोर्टफोलियो में अत्याधुनिक उत्पाद रियलमी 14 प्रो सीरीज़ 5जी और रियलमी बड्स वायरलेस 5 पेश किए। रियलमी 14 प्रो सीरीज़ 5जी दो इनोवेटिव मॉडलों रियलमी 14 प्रो 5जी और रियलमी 14 प्रो.5जी के साथ आ रही है। इन दोनों स्मार्टफोंस को मशहूर डेनिश डिज़ाईन स्टूडियो, वेल्योर डिज़ाईनर्स के सहयोग से बनाया गया है। इनके साथ दुनिया में पहले कोल्ड-सेंसिटिव कलर चेंजिंग स्मार्टफोंस की शुरुआत हो रही है। इस नई रियलमी नंबर सीरीज़ का सबसे पहला स्मार्टफोन रियलमी 14 प्रो सीरीज़ 5जी है, जिसका उद्देश्य फ्लैगशिप फीचर्स को मिड-रेंज स्मार्टफोंस में लेकर आना और अत्याधुनिक डिज़ाईन, इमेजिंग एवं परफॉर्मेंस प्रदान करना है। इस लॉन्च के बारे में रियलमी के प्रवक्ता ने कहा हम अपने लेटेस्ट इनोवेशन रियलमी 14 प्रो सीरीज़ और रियलमी बड्स वायरलेस 5एएनसी लॉन्च करके बहुत उत्साहित हैं।

## स्विगी ने की स्विगी सर्व्स की शुरुआत रॉबिन हुड आर्मी को बनाया अपना पहला पार्टनर

**मुंबई, एजेंसी।** भारत के अग्रणी ऑन-डिमांड कन्वीनियंस प्लेटफॉर्म स्विगी (स्विगी लिमिटेड, एनएसई- स्विगी/बीएसई-544285) ने आज अपनी महत्वाकांक्षी पहल 'स्विगी सर्व्स' की शुरुआत का एलान किया। इस पहल का उद्देश्य कंपनी की वैल्यू चेन में खाने की बर्बादी को न्यूनतम करना और भूख की समस्या का निदान करना है। इस कैंपेन के तहत स्विगी ने रॉबिन हुड आर्मी (आरएचए) के साथ साझेदारी का एलान किया है। आरएचए वॉलंटियर्स द्वारा संचालित संगठन है। साथ मिलकर स्विगी और आरएचए का उद्देश्य स्विगी के पार्टनर रेस्टोरेंट्स से सरप्लस खाने को लेकर उसे जरूरतमंद लोगों के बीच वितरित करना है। इस साझेदारी के माध्यम से दोनों संगठनों ने 2030 तक 5 करोड़ भोजन परोसने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा है। इस अभियान में खाने को वितरित करने के लिए टेक्नोलॉजी का लाभ लिया जाएगा। इस सेवा की शुरुआत के मौके पर स्विगी फूड मार्केटप्लेस के सीईओ रोहित कपूर ने कहा, 'स्विगी मेंहमने हमेशा खुद को लॉजिस्टिक्स और कंज्यूमर एक्सपीरियंस के मामले में एक एक्सपर्ट के रूप में देखा है।

## भारत को हल्दी के क्षेत्र में वैश्विक केंद्र बनाने को लेकर आईसीआरआइइआर-एमवे ने जारी की रिपोर्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रीय हल्दी बोर्ड के शुभारंभ के एक दिन बाद आईसीआरआइइआर और एमवे इंडिया एंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड ने आज मेकिंग इंडिया द ग्लोबल हब फॉर टरमरिक शीर्षक से एक संयुक्त रिपोर्ट का अनावरण किया, जिसमें हल्दी किसानों के सामने आने वाली चुनौतियों को लेकर उल्लेख किया गया। साथ ही वैश्विक हल्दी बाजार में भारत की स्थिति को और मजबूत करने के लिए एक रोडमैप पेश किया गया। इससे पहले मंगलवार को केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने देश के प्रमुख हल्दी केंद्रों में से एक, उत्तरी तेलंगाना के निजामाबाद में बोर्ड के कार्यालय का औपचारिक उद्घाटन किया। नए बोर्ड का लक्ष्य 2030 तक हल्दी के निर्यात को 1 बिलियन अमरीकी डॉलर तक बढ़ाना है।

## मैक्स लाइफ इंश्योरेंस अब बन गया एक्सिस मैक्स लाइफ इंश्योरेंस

**नई दिल्ली एजेंसी।** सभी कॉरपोरेट एवं नियामकीय मंजूरियों के बाद मैक्स लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड ने अपने कॉरपोरेट नाम में 'एक्सिस' शब्द जोड़ने का एलान किया है। अब कंपनी को एक्सिस मैक्स लाइफ इंश्योरेंस लिमिटेड के नाम से जाना जाएगा। कंपनी ने अपनी ब्रांडिंग को भी रीब्रांड करते हुए एक्सिस मैक्स लाइफ इंश्योरेंस कर लिया है, जो इसके ब्रांड के विकास में महत्वपूर्ण पड़ाव है। फाइनेंशियल सर्विस सेक्टर के दो भरोसेमंद नाम एक साथ जुड़ने से मेट्रो एवं टियर 1 शहरों से परे रणनीतिक विस्तार के माध्यम से विकास करने की कंपनी की महत्वाकांक्षाओं को ताकत मिलेगी। एक्सिस मैक्स लाइफ इंश्योरेंस के मैनेजिंग डायरेक्टर एवं चीफ एक्जीक्यूटिव ऑफिसर प्रशांत त्रिपाठी ने कहा, 'ब्रांड की यह नई पहचान सिर्फ ब्रांड के नाम में बदलाव तक ही सीमित नहीं है, बल्कि यह जीवन बीमा के परिदृश्य को बदलने की हमारी प्रतिबद्धता की दिशा में मजबूत कदम भी है। हमारी नई पहचान में अपने सभी हितधारकों को अनूठी वैल्यू देने का हमारा वादा नजर आता है।

## फ्लिपकार्ट ने महाकुंभ में किया उत्तर प्रदेश की समृद्ध विरासत का प्रदर्शन

**लखनऊ, एजेंसी।** भारत के घरेलू ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस फ्लिपकार्ट ने महा कुंभ मेला 2025 में राज्य की सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित करने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार के 'एक जिला, एक उत्पाद' (ओडीओपी) विभाग से गठजोड़ किया है। प्रयागराज, उत्तर प्रदेश में 13 जनवरी से 26 फरवरी तक हो रहा महा कुंभ मेला 2025 दुनिया का सबसे बड़ा धार्मिक आयोजन है। हर 12 साल में आयोजित होने वाला महा कुंभ आध्यात्मिकता, खगोलशास्त्र एवं समृद्ध सांस्कृतिक परंपराओं का अनूठा मेल है, जिसने दुनियाभर से लाखों लोगों को आकर्षित किया है। महा कुंभ मेला में फ्लिपकार्ट समर्पित बूथ एवं स्टॉल्स के माध्यम से अन्य सांस्कृतिक प्रयासों के साथ-साथ ओडीओपी पहल को प्रदर्शित कर रही है।

## आरडीबी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड पावर लिमिटेड ने सोलर प्रोजेक्ट्स के लिए ईपीसी और ओ एंड एम अनुबंध प्राप्त किए

**मुंबई, एजेंसी।** आरडीबी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड पावर लिमिटेड (बीएसई- 533285), जो निर्माण और बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में एक अग्रणी कंपनी है, ने घोषणा की है कि उसे दो *लेटर ऑफ अवार्ड्स के माध्यम से निम्नलिखित अनुबंध प्रदान किए गए हैं। इस अनुबंध में ग्रिड कनेक्टेड रूफटॉप सोलर प्लांट्स की लगभग 10एमडब्ल्यूपी की संचयी क्षमता वाले संयंत्रों और अनिवार्य स्पेयर पार्ट्स की आपूर्ति शामिल है। ये संयंत्र झारखंड और पश्चिम बंगाल में डीवीसी (दामोदर वैली कॉरपोरेशन) के कमांड क्षेत्र के विभिन्न भवनों की छतों पर स्थापित किए जाएंगे। इस अनुबंध का मूल्यांकन 4.28 करोड़ किया गया है।

## शार्क टैंक इंडिया के ''फेस-ऑफ'' एपिसोड में नए-नए प्लांट-बेस्ड बिजनेस देखने को मिले

**मुंबई, एजेंसी।** प्लांट-बेस्ड बिजनेस करने वाली दो प्रमुख कंपनियों नर्चरिंग ग्रीन और क्यारी ने 'फेस-ऑफ' के एक दिलचस्प एपिसोड में शार्क्स के प्रतिष्ठित पैनल के सामने अपनी अनूठी पेशकश रखी। इस अनोखे एपिसोड में उनका एक-दूसरे से मुकाबला था, जहाँ एक ही कैटेगरी के व्यवसाय दिखाए जाते हैं। इस तरह शार्क्स ने दोनों कंपिनयों को सामने रखकर उनकी तुलना की। उन्होंने निवेश करने से पहले कंपनियों की ताकत, कमजोरी और तरक्की की क्षमता को जाना। नर्चरिंग ग्रीन के दूरदर्शी फाउंडर अन्नू ग्रोवर ने बूटिक के बजाए पौधों को बढ़ावा देने के महत्व पर जोर दिया, क्योंकि वे जीवनभर काम आते हैं और उनसे भावनात्मक लगाव भी हो जाता है।

## रॉयल स्टैग बूमबॉक्स-अपने तीसरे संस्करण के साथ लेकर आ रहा है अनुभवात्मक संगीत समारोह

**मुंबई, एजेंसी।** सीग्राम रॉयल स्टैग बूमबॉक्स अपने तीसरे संस्करण के साथ वापस आ रहा है, जो समकालीन हिप-हॉप बीट्स के साथ बॉलीवुड की प्रतिष्ठित धुनों को एक अद्भुत मिश्रण पेश करेगा। मिर्ची द्वारा निर्मित इस सीजन के साथ, प्रभावी संगीत समारोह 14 जनवरी, 2025 को मुंबई में एक विशेष मीडिया ब्रीफिंग में अपने आगामी लाइनअप का प्रदर्शन किया जाएगा. यह अनूठा सांस्कृतिक फ्यूजन पारंपरिक और आधुनिक भारतीय संगीत के मिश्रण को फिर से परिभाषित करना जारी रखेगा, जो ब्रांड के 'लिविंग इट लार्ज' दर्शन के अनुरूप है। ब्रांड के लिए उपभोक्ताओं के साथ सीधे जुड़ने का संगीत एक प्रमुख स्तंभ है। रॉयल स्टैग बूमबॉक्स हिप-हॉप की रॉ एनर्जी के साथ बॉलीवुड की कालातीत धुनो को एक साथ लाता है, जो आज की पीढ़ी के लिए जनरेशन लार्ज की मूल ध्वनि का निर्माण करता है।

# ग्वालियर में केके अरोरा के घर ईडी की रेडः रात 11 बजे बुलाया सुनार



पत्नी के साथ केके अरोरा और लाल घेरे में सौरभ शर्मा

ग्वालियर में ईडी ने पूर्व सीनियर सब रजिस्ट्रार केके अरोरा के घर छापा मारा। कार्रवाई में सोना-चांदी और प्रॉपर्टी से जुड़े दस्तावेज बरामद हुए। अरोरा 25 दिन से गायब हैं।

शुक्रवार सुबह प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने ग्वालियर में पूर्व सीनियर सब रजिस्ट्रार केके अरोरा के घर पर छापा मारा। यह कार्रवाई पूर्व परिवहन आरक्षक सौरभ शर्मा के भ्रष्टाचार से जुड़े मामले में की गई। छापेमारी सुबह 5 बजे शुरू हुई और रात 12 बजे तक जारी रही। कार्रवाई के दौरान सोना-चांदी और प्रॉपर्टी से जुड़े महत्वपूर्ण दस्तावेज बरामद किए गए हैं।

ईडी की टीम ने छापेमारी के दौरान रात 11 बजे सुनार को बुलाया और दस्तावेज रखने के लिए बॉक्स मंगवाए। इससे स्पष्ट है कि बड़ी मात्रा में सोना-चांदी और प्रॉपर्टी से जुड़े दस्तावेज बरामद हुए हैं। ईडी ने केके अरोरा के घर में मौजूद किराएदारों से घंटों पूछताछ की।

केके अरोरा, भोपाल के मेंडोरी स्थित विनय हासवानी के बिजनेस पार्टनर हैं। विनय हासवानी का नाम 54 किलो सोने और 11 करोड़ नकद से भरी कार की बरामदगी के मामले में आया था। अरोरा, 25 दिन से गायब हैं और उनके बेंगलुरु में होने की आशंका जताई जा रही है।

ईडी की टीम ने घर से जब्त किए गए दस्तावेजों की जांच शुरू कर दी है। ये दस्तावेज प्रॉपर्टी और वित्तीय लेन-देन से जुड़े हो सकते हैं।

सौरभ शर्मा पर परिवहन विभाग में चेक पोस्ट की तैनाती में दलाली के आरोप हैं। 12 साल की नौकरी के दौरान उन्होंने करोड़ों की संपत्ति बनाई। हाल ही में उनके ठिकानों पर इनकम टैक्स और लोकायुक्त की कार्रवाई हुई थी, जिसमें भारी मात्रा में नकदी और सोना बरामद हुआ।

# प्रयागराज और सूरत के लिए फ्लाइट की मांग को पूरा करने का होगा प्रयासः सांसद आलोक शर्मा



सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

राजाभोज अंतरराष्ट्रीय विमानतल की सलाहकार समिति की पहली बैठक आयोजित हुई। जिसकी अध्यक्षता सांसद आलोक शर्मा ने की। बैठक में सलाहकार समिति के सदस्यों ने यात्री सुविधाओं और कनेक्टिविटी बढ़ाने को लेकर अपने सुझाव दिए। समिति के सदस्य मनोज मीक ने कहा कि प्रयागराज में चल रहे कुंभ में जाने वाले श्रद्धालुओं की संख्या काफी ज्यादा है। ट्रेनों में भी रिजर्वेशन मिलना मुश्किल होता है।

भोपाल से प्रयागराज के लिए सीधी उड़ान सेवा शुरू होना चाहिए। सुनील जैन ने कहा कि सूरत में डायमंड और कपड़ों की बड़ी इंडस्ट्री है। भोपाल से सूरत जाने वालों की संख्या काफी ज्यादा है। भोपाल से सूरत के लिए भी नई उड़ान सेवा शुरू की जाना चाहिए। कृष्ण मोहन सोनी ने इंफ्रास्ट्रक्चर, अब्दुल ताहिर ने एयरपोर्ट के बाहर अतिक्रमण हटाने और लैंडस्केपिंग के माध्यम से विकसित किए जाने का सुझाव दिया। चंपा केसवानी ने भी सुझाव दिए। पूर्व में एयरपोर्ट डायरेक्टर रामजी अवस्थी ने विमानतल पर यात्री सुविधाओं और विकास संबंधी कार्यों की जानकारी दी।

सांसद आलोक शर्मा ने मौके पर ही एयरलाइंस कंपनियों के प्रतिनिधियों से भोपाल से प्रयागराज और सूरत के लिए फ्लाइट सेवा शुरू किये जाने के लिए प्रस्ताव बनाएं। सांसद शर्मा ने कहा कि सलाहकार समिति केवल सुझाव देने तक सीमित न रहे बल्कि जो सुझाव रखें वे मूर्तरूप भी लें इसके प्रयास भी करें। उन्होंने कहा मेरे स्तर पर जो सुझाव पूरे होना है उन्हें मैं दिल्ली में जाकर केंद्रीय विमानन मंत्री से मिलूंगा और उन्हें पूरा कराने का काम करूंगा। बैठक में नगर निगम आयुक्त हरेंद्र नारायण, एडीएम सिद्धार्थ जैन, भोपाल जोन 4 के डीसीपी जितेन्द्र सिंह पंवार, एयरपोर्ट निदेशक रामजी अवस्थी, सलाहकार समिति के सदस्य कृष्ण मोहन सोनी, मनोज मीक, सुनील जैन, चंपा केसवानी, अब्दुल ताहिर, एयर इंडिया, इंडिगो और फ्लाई बिंग एयरलाइंस कंपनियों के अधिकारीगण, सुरक्षा व्यवस्था से जुड़े अधिकारीगण मौजूद रहे।

# 38वें राष्ट्रीय खेलों में मप्र 335 खिलाड़ी उत्तराखंड में दिखाएंगे अपना ज़ोर, 28 जनवरी से शुरू होंगे खेल

यह 38वें राष्ट्रीय खेल उत्तराखंड में आयोजित किए जा रहे हैं, जिसमें मध्यप्रदेश के 335 खिलाड़ी अपनी क्षमता का प्रदर्शन करेंगे। युवा और खेल कल्याण मंत्री विश्वास सारंग ने जानकारी देते हुए बताया कि 28 जनवरी से उत्तराखंड में होने वाले इस राष्ट्रीय खेल आयोजन में 335 खिलाड़ी और लगभग 100 सपोर्ट स्टाफ हिस्सा लेंगे। इन खेलों में कुल 35 खेलों का आयोजन किया जाएगा, जिनमें से 26 खेलों में मध्यप्रदेश ने अपनी योग्यता प्राप्त की है। इन खेलों में एथलेटिक्स, तीरंदाजी, बास्केटबॉल, योग, रोइंग, कयाकिंग, कैनोइंग, स्वालम, योगा, मलखंभ, बॉक्सिंग, कुश्ती, ताहांडी, ट्रायथलॉन, बुनु, मॉडर्नायलॉन, मुक्केबाजी, जिमनास्टिक्स और हॉकी जैसी विभिन्न स्पर्धाएँ शामिल हैं।



हॉकी में सबसे बड़ा दल

मंत्री सारंग ने जानकारी देते हुए कहा कि खेलों के प्रशिक्षण शिविर शुरू हो चुके हैं और पदक विजेताओं को नगद पुरस्कार दिए जाएंगे। स्वर्ण पदक विजेता को 5 लाख, रजत पदक विजेता को 3 लाख 20 हजार, और कांस्य पदक विजेता को 2 लाख 40 हजार रुपये की राशि प्रदान की जाएगी। राष्ट्रीय खेलों में सबसे बड़ी टीम हॉकी की होगी, जिसमें महिला और पुरुष दोनों वर्गों के 32 खिलाड़ी शामिल होंगे। इसके अलावा, एथलेटिक्स में 28, रोइंग और वुशु में 23-23 खिलाड़ी भाग लेंगे।

इस खिलाड़ी ने बजाया वापसी का बिगुल, 7 मैच में ठोके 700 से अधिक रन, कहा- देश के लिएज

ओलम्पियन खिलाड़ी भी होंगे टीम का हिस्सा

मंत्री सारंग ने बताया कि इन राष्ट्रीय खेलों में मध्यप्रदेश के ओलम्पियन खिलाड़ी विवेक सागर और एश्वर्य प्रताप सिंह भी हिस्सा लेंगे। 37वें राष्ट्रीय खेलों में, जो गोवा में आयोजित हुए थे, मध्यप्रदेश के खिलाड़ियों ने 43 खेलों में से 37 में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 38 स्वर्ण, 35 रजत और 39 कांस्य पदक हासिल किए, और कुल 112 पदक जीतकर मध्यप्रदेश को चौथा स्थान प्राप्त हुआ था। 75 वर्षों में पहली बार, मप्र की महिला हॉकी टीम ने स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचा था। उत्तराखंड में आयोजित होने वाले इन राष्ट्रीय खेलों में, लगभग सभी खेलों के खिलाड़ी अपनी श्रेष्ठता का प्रदर्शन कर प्रदेश को गर्व महसूस कराएंगे।

# उप मुख्यमंत्री ने पुनर्घनत्वीकरण योजना से प्रस्तावित शासकीय निर्माण कार्यों की समीक्षा की

### हिनौती गौधाम एवं बसामन मामा गौवंश वन्य विहार के निर्माण कार्यों की भी हुई समीक्षा.



भोपाल। उप मुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल ने पुनर्घात्वीकरण योजना के तहत कराए जाने वाले शासकीय निर्माण कार्यों की समीक्षा की। राज निवास सर्किट हाउस रीवा में आयोजित बैठक में प्रस्तावित जल संसाधन विभाग एवं अन्य विभागीय अधिकारियों के संयुक्त कार्यालय के निर्माण सहित सिविल लाइन में 155 विभिन्न श्रेणी के शासकीय आवास गृहों तथा नवीन बीएड कॉलेज निर्माण, डाइट में हॉस्टल निर्माण, प्राथमिक शाला निर्माण, कोठी कंपाउंड में महिला हाट बाजार निर्माण तथा पॉलिटेक्निक कॉलेज में अतिरिक्त भवन निर्माण कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने मनगवां स्थित मलकपुर तालाब के सौंदर्यीकरण कार्य की भी जानकारी प्राप्त की।

# स्वतंत्रता स्मारकों की अनदेखी अत्यंत आपत्तिजनकः अजय खरे

रीवा 17 जनवरी। मध्यप्रदेश के रीवा जनपद कार्यालय के बाहर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की यादगार में स्थापित शिलालेख जर्जर हालत में पहुंच गया है। देखने को मिल रहा है कि शिलालेख में दर्ज कुल 26 स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के नाम में से 19 और 20 वें क्रम में दर्ज दो स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के नाम पूरी तरह मिट गए हैं। 18 वें क्रम का नाम भी प्रभावित हैं। देश को आजादी दिलाने में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का चिरस्मरणीय योगदान है। ब्रिटिश साम्राज्य के तमाम प्रलोभनों और दवाबों को ठुकराते हुए स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने देश की आजादी के लिए कड़ी जेल यातनाओं को हंसते-हंसते वरण किया। समता सम्पर्क अभियान के राष्ट्रीय संयोजक लोकतंत्र सेनानी अजय खरे कहा कि कथित विकास और रोटी के बदले गुलामी स्वीकार नहीं की जा सकती। आजादी के बिना मनुष्य का जीवन गुलामों जैसा होता है। श्री खरे ने कहा कि रीवा में कथित विकास के नाम पर ऐतिहासिक धरोहरों को नष्ट-भ्रष्ट किया जा रहा है। शहर की अधिकांश सरकारी जमीन और ऐतिहासिक इमारतों का अस्तित्व मिटाकर उसे बड़े पूंजीपतियों के हवाले कर दिया गया है। यह भारी चिंताजनक बात है कि पूंजीवादी विकास को जन साधारण का विकास बतलाया जा रहा है। ऐतिहासिक जय स्तंभ को बचाने के लिए लम्बी लड़ाई लड़नी पड़ी है। लेकिन वह आज भी प्रशासनिक उपेक्षा का शिकार है। जय स्तंभ की स्थिति जर्जर है। राष्ट्रीय पर्व के मौके पर जब तमाम सजावट रोशनी की व्यवस्था होती है तब जय स्तंभ में जिला प्रशासन के द्वारा एक दिया भी नहीं जलाया जाता है। श्री खरे ने कहा कि गत स्वतंत्रता दिवस पर रीवा जिला प्रशासन के गैर जिम्मेदाराना रवैया के विरोध में उन्होंने लोकतंत्र सेनानी के रूप में शाल श्रीफल भेंट को अस्वीकार कर दिया था।

# 160 करोड़ में फ्रांस की कंपनी से एयरबस एडब्ल्यू खरीदेगी मप्र सरकार, कैबिनेट में जाएगा प्रस्ताव

भोपाल. मध्यप्रदेश सरकार फ्रांस की कंपनी एयरबस से 160 करोड़ रुपए में एयरबस ड्ड हेलीकॉप्टर की खरीदी करेगी। इस अत्याधुनिक एयरबस में दस व्यक्ति बैठ सकेंगे और दो पायलटों के बैठने के लिए अलग केबिन होगा। सीएस की अध्यक्षता वाली साधिकार समिति ने इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है अब कैबिनेट में इसे स्वीकृति के लिए ले जाया जाएगा वहां से मंजूरी मिलने के बाद इस हेलीकॉप्टर की खरीदी की जाएगी।

मध्यप्रदेश सरकार ने स्टेट हेलीकॉप्टर खरीदी के लिए टेंडर जारी किया था जिसमें तीन कंपनियों ने मध्यप्रदेश को हेलीकॉप्टर बेचने में रुचि दिखाई थी। भारतीय कंपनी एचएएल बेंगलौर ने अपने ध्रुव हेली कॉप्टर को बेचने के लिए प्रस्ताव दिया था। लेकिन तकनीकी बिड में ही यह प्रस्ताव अमान्य हो गया था। क्योंकि यह हेलीकॉप्टर मध्यप्रदेश के लिए तय हेलीकॉप्टर की टेंडर शर्तो के अनुसार सुविधाएं नहीं दे रहा था। तकनीकी बिड में सफल पाई गई दो कंपनियों की वित्तीय बिड खोली गई तो इसमें इटली की लियोनार्डो कंपनी ने अपने हेलीकॉप्टर लियोनार्डो के लिए 230 करोड़ रुपए का प्रस्ताव दिया था। वहीं फ्रांस की एयरबस कंपनी ने मध्यप्रदेश को मात्र 160 करोड़ में एयरबस ड्ड 160 बेचने का प्रस्ताव दिया था। फ्रांस की कंपनी तकनीकी और वित्तीय निविदा में सफल पाई गई और सबसे कम दरों पर हेलीकॉप्टर भेजने के लिए प्रस्ताव देने के कारण एयरबस का प्रस्ताव स्वीकृत किया गया है।



मुख्य सचिव की अध्यक्षता वाली साधिकार समिति ने भी इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। अब इस प्रस्ताव को कैबिनेट में लाया जाएगा वहां से मंजूरी मिलने के बाद राज्य सरकार उस प्रतिशत बुकिंग राशि देकर इस हेलीकॉप्टर को खरीदेगी।

# भोपाल में 6 प्रोजेक्ट्स की वजह से मेट्रो रेल की लागत बढ़ी, अब फंड की जुगाड़



भोपाल। राजधानी में चल रहे फ्लाईओवर और सड़क निर्माण के कई प्रोजेक्ट्स की धीमी चाल के साथ ही प्लानिंग और को-ऑर्डिनेशन की कमी की वजह से इनकी लागत 2,675 करोड़ रुपए तक बढ़ चुकी है। यदि ये प्रोजेक्ट समय पर पूरे हो जाते और इतनी रकम बचती तो इससे एक तरफ मंडीदीप और दूसरी तरफ सीहोर तक मेट्रो के लिए बजट की कमी नहीं होती। अब कापोरेशन फंड की जुगाड़ में लगा है ताकि इसकी रन शुरू होने से पहले इसका खर्चा कैसे निकाला जाएगा इसकी प्लानिंग की जा सके।

मेट्रो में ही लग गये नौ साल

2009 में भोपाल मेट्रो की घोषणा की गयी थी लेकिन इसकी डीपीआर को मार्च 2016 में अंतिम रूप दिया गया। इसमें ही 9 साल लग गए। 2018 में पहला वर्क ऑर्डर हुआ। मेट्रो आ चुकी है, लेकिन स्टेशन अब बनकर तैयार हुए हैं लेकिन वह भी पूरे नहीं हो पाये हैं।

मेट्रो रेल कॉपोरेशन लिमिटेड ने भोपाल मेट्रो प्रोजेक्ट के लिए भूमि अधिग्रहण हेतु 373 निजी स्वामियों की पहचान की है। पिछली परियोजनाओं जैसे बीआरटीएस और स्मार्ट सिटी डेवलपमेंट से अलग, जिनमें कोई मौद्रिक मुआवजा नहीं दिया गया था, इस परियोजना में अंतरराष्ट्रीय मानकों का पालन कर रहा है, क्योंकि इसे यूरोपीय निवेश बैंक से 400 मिलियन अमेरिकी डॉलर के कर्ज की जरुरत है।

### सामने है मुआवजे की उलझन

भोपाल मेट्रो परियोजना के दौरान, सभी प्रभावितों के लिए मुआवजा संपत्ति के आकार के आधार पर 2020 तक की जमीनी फोटोग्राफी और सैटेलाइट इमेजरी के माध्यम से निर्धारित किया जाएगा। इस बात से वह लोग हैरान हैं, जिन्होंने हाल ही में अपनी संपत्तियों का विस्तार किया है, इस उम्मीद में कि उन्हें अधिक मुआवजा मिलेगा। पर यह कैसे मिलेगा यह क्लियर नहीं है।

### क्या है लेटलतीफ की वजह

इन प्रोजेक्ट्स की लेटलतीफी की वजह बिना पूरी तैयारी के डीपीआर बनाना, दूसरी एजेंसियों में तालमेल की कमी और सरकारी इंजीनियरों की सलाह पर निर्भरता भी है। 2,675 करोड़ रुपए जनता की जेब से वसूली गई राशि है। इसका ठीक उपयोग किया जाए तो मंडीदीप और सीहोर तक मेट्रो बढ़ाने जैसे प्रोजेक्ट के लिए बजट की कमी नहीं होती। यदि राज्य सरकार के पास 2,675 करोड़ रुपए हैं तो वह 13,375 करोड़ रुपए का मेट्रो प्रोजेक्ट लागू कर सकती है।

# ग्वालियर मेले के विकास के लिये कोई कोर कसर नहीं छोड़ी जायेगी - प्रभारी मंत्री श्री सिलावट

ग्वालियर- ग्वालियर में पिछले 100 वर्षों से अधिक समय से लगने वाले मेले के वैभव को बढ़ाने के लिये कोई कोर कसर नहीं छोड़ी जायेगी। राज्य शासन की ओर से जो भी आवश्यकता होगी, उसकी पूर्ति की जायेगी। प्रदेश के जल संसाधन मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर के साथ मेले की व्यवस्थाओं की समीक्षा के दौरान यह बात कही। ग्वालियर व्यापार मेला प्राधिकरण के सभागार में आयोजित हुई मेले की समीक्षा बैठक में मेले के निरंतर विकास के संबंध में विस्तार से चर्चा की। बैठक में मेले के व्यापारी संघ के पदाधिकारियों के साथ ही विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में संभागीय आयुक्त श्री मनोज खत्री, आईजी श्री अरविंद सक्सेना, कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान, नगर निगम आयुक्त श्री अमन वैष्णव, अपर कलेक्टर एवं मेला अधिकारी श्रीमती अंजू अरुण कुमार, महासचिव श्री आशीष प्रताप सिंह, मेला सचिव श्री टी आर रावत सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

प्रभारी मंत्री श्री सिलावट ने कहा कि ग्वालियर मेले में स्थापित स्थायी दुकानों की मरम्मत के साथ ही सड़कों के निर्माण एवं अन्य सुविधाओं के लिये मेले में निर्माण कार्यों के लिये शासन स्तर से हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जायेगी। मेले का विधिवत शुभारंभ भी शीघ्र आयोजित किया जायेगा। उन्होंने कहा कि मेला प्राधिकरण के माध्यम से मेले में वर्ष भर गतिविधि चलें, इसके लिये भी रणनीति बनाकर कार्य किया जायेगा।

प्रभारी मंत्री श्री सिलावट ने कहा कि ग्वालियर का मेला न केवल ग्वालियर संभाग, चंबल संभाग, बल्कि प्रदेश से लगे हुए उत्तरप्रदेश एवं राजस्थान के लोगों के लिये भी आकर्षण का केन्द्र है। इस मेले में आने वाले व्यापारियों और सैलानियों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो, यह सुनिश्चित किया जायेगा। उन्होंने व्यापारी संघ के पदाधिकारियों से भी आग्रह किया कि मेले के विकास में सकारात्मक सहयोग प्रदान करें, ताकि ग्वालियर के मेले का वैभव दिन-प्रतिदिन

# छिंदवाड़ा से बड़ा है बालाघाट जिला ?

## कर्मचारी चयन मंडल बोर्ड लगातार कर रहा छिंदवाड़ा की उपेक्षा

**छिंदवाड़ा।** महिला बाल विकास विभाग में आंगनवाड़ी सुपर वाईजर की भर्ती होना है। जिसकी म.प्र. कर्मचारी चयन मण्डल बोर्ड भोपाल ले रहा है। इसकी परीक्षा का केन्द्र भोपाल, जबलपुर, इन्दौर, उज्जैन, रीवा, सतना ग्वालियर एवं बालाघाट में है, किन्तु छिंदवाड़ा जैसे बड़े जिले में परीक्षा केन्द्र नहीं है, कई बार इस मांग उठाई किन्तु कांग्रेस के जनप्रतिनिधियों ने इस ओर ध्यान नहीं दिया, अब भाजपा के सांसद है उन्हे चाहिये कि वे बोर्ड के अधिकारियों से चर्चा कर छिंदवाड़ा में परीक्षा केन्द्र खुलवाये जिससे महिलाओं बाहर न जाना पड़े।

## विद्यार्थियों को महाविद्यालय में प्रवेश लेने के किये प्रेरित



**छिंदवाड़ा।** उच्च शिक्षा विभाग के आदेशानुसार एवं प्राचार्य डॉ. अनिता कौशल राजमाता सिंधिया शासकीय स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय छिंदवाड़ा के मार्गदर्शन में नोडल अधिकारी अजय सिंह ठाकुर कॉलेज चलो अभियान प्राभारी डॉ. जे.एल हनोते एवं समिति सदस्य डॉ. ओमकार वविस्टाले, श्री शोभाराम जम्होरे, डॉ. सुधीश सूर्यवंशी, श्रद्धा पटेल, हेमलता सनोडिया एवं पवन यादव ने शासकीय महारानी लक्ष्मी बाई कन्या विद्यालय छिंदवाड़ा, शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय छिंदवाड़ा, शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय गुरैया, ज्ञान गंगा इंग्लिश मीडियम स्कूल छिंदवाड़ा का भ्रमण कर कक्षा 12 वी के छात्रों को ई प्रवेश प्रकिया नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 तथा छात्राओं हेतु महाविद्यालय में संचालित विभिन्न पाठक्रमों योजनाओं एवं सुविधाओं की जानकारी से अवगत् कराया।

## एसडीएम व नपा.अध्यक्ष ने कहा अंबेडकर भवन में जल्द खुलेगी ई लाइब्रेरी

**परासिया।** विधानसभा क्षेत्र में अंबेडकर भवन का नगर पालिका व एसडीएम द्वारा निरीक्षण किया गया जिसमें नगर पालिका अध्यक्ष विनोद मालवी एवं उप मंडल



अधिकारी की पहल पर डब्ल्यूसीएल के सहयोग से अंबेडकर भवन में जल्द ही ई लाइब्रेरी का शुभारंभ किया जाएगा और नपा.अध्यक्ष ने कहा लाइब्रेरी खुल जाने से बच्चों की सामान्य ज्ञान की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं लायब्रेरी में जाकर अपनी कंसिस्टेंसी बड़ा सकते एवं प्रोजेक्ट और मॉडल तैयार कर सकते है और कॉम्पिडिशन एग्जाम की तैयारी कर पाएंगे क्षेत्र के बच्चे सभी कैरियर गाइडेंस तैयारी कर सकते हैं भारत के इतिहास के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकेंगे ई लाइब्रेरी में सभी प्रकार के साहित्य उपलब्ध होंगे 50 लोगों के बैठने की तुरंत में व्यवस्था होगी कंप्यूटर सेट होंगे आज अंबेडकर भवन के निरीक्षण नगर पालिका उपाध्यक्ष महेश सोमकुवर लोक निर्माण विभाग के सभापति पवन सूर्यवंशी पार्षद नरेंद्र विश्वकर्मा संतोष डेहरिया एवं डब्ल्यूसीएल के अधिकारी उपस्थित रहे

## फुटबॉल जूनियर बालक में खेल युवा कल्याण विजेता

**छिंदवाड़ा।** सांसद खेल महाकुंभ 2025 में ओलंपिक स्टेडियम में आयोजित फुटबॉल में जूनियर बालक वर्ग का फाइनल मैच रामराव नागले, तुलसीराम यादव, श्रीमती नीतू यादव, महेन्द्र पाल के आतिथ्य में खेला गया फुटबॉल खेल प्रभारी विक्रांत यादव, विनीता नेटी ने बताया कि आज जूनियर बालक का फाइनल में खेल युग कल्याण स्नष्ट और आसाराम गुरुकुल टीम के मध्य निर्धारित समय में बराबर था (0-058) किर बाइतेकर में खेल युवा कल्याण 4-2 से विजय रही टीम के कप्तान युवराज ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया।

## कार्यकर्ताओं में उत्साह का संचार करने, एकजुटता लाने, एवं संगठन में कसावट लाने, कांग्रेस की बैठक



**अमरवाड़ा।** कांग्रेस कार्यालय में कांग्रेस कमेटी की एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई प्रभारी अजय मेद एवं पर्यवेक्षक प्रेमेंद्र बंटी साहू की विशेष उपस्थिति में आयोजित उक्त बैठक में कांग्रेस के सभी अनुसांगिक संगठनों के पदाधिकारी ,क्षेत्रीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष, समन्वयक, सहित कांग्रेस के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बंधु उपस्थित थे। कार्यकर्ताओं में उत्साह का संचार करने, एकजुटता लाने, एवं संगठन में कसावट लाने, आपसी समन्वय, बनाने के उद्देश्य से आयोजित उक्त बैठक में वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि विपरीत परिस्थितियों में मजबूती के साथ भाजपा शासन की गलत नीति यो का पुरजोर विरोध करना है एवं कांग्रेस द्वारा तथा पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ तथा पूर्व सांसद नकुल नाथ द्वारा किए गए विकास कार्यो को जन-जन तक पहुंचाना। इस अवसर पर कार्यक्रम को प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि अशोक तिवारी प्रभारी अजय मेद पर्यवेक्षक प्रेमेंद्र बंटी साहू यज्ञनेस शर्मा चंपालाल कुर्चे कल्याण पटेल सलीम खान जमुना परतेती गीता विश्वकर्मा राजा चंद्रवंशी राममिलन वर्मा इत्यादि ने संबोधित किया कार्यक्रम का संचालन शैलेंद्र जैन द्वारा किया गया इस मौके पर बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## निः शुल्क बालीबुड महा आरोग्य शिविर 19 जनवरी को मुंबई में

छिंदवाड़ा। निः शुल्क बालीबुड महा आरोग्य शिविर मुंबई के चित्रकूट ग्राउण्ड में दिनांक 19 जनवरी 2025 दिन रविवार को आयोजक डॉ. धर्मेन्द्र कुमार, डॉ. 365 संस्था व फिल्म एक्टर धीरज कुमार जी द्वारा आयोजित किया गया है, जिसमें लाखों लोगों का निः शुल्क उपचार किया जायेगा।

# शिक्षा की गुणवत्ता से समझौता और बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा



छिन्दवाड़ा। कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह ने कहा कि प्राइमरी स्कूल के शिक्षकों का फोकस इस बात पर रहे कि बच्चों को प्रवाहपूर्ण हिन्दी और अंग्रेजी पढ़ना और गणित के बेसिक सवाल हल करना आने लगे। यदि शिक्षक इतना मूलभूत अध्यापन कार्य भी नहीं करा पा रहे हैं, तो कार्यवाही के लिए तैयार रहें। शिक्षा की गुणवत्ता से समझौता और बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कलेक्टर श्री सिंह कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित बैठक में स्कूल शिक्षा विभाग और जनजातीय कार्य विभाग की शैक्षणिक गतिविधियों की समीक्षा कर रहे थे।

बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी जी.एस.बघेल, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग एस.एस.मरकाम, डीपीसी जगदीश इड़पाचे, सहायक संचालक शिक्षा पी.एल.मेश्राम, सहायक संचालक जनजातीय कार्य विभाग उमेश सातनकर, जिले के तीनों पीएमश्री केंद्रीय विद्यालयों के प्राचार्य, जिले के सभी पीएमश्री स्कूलों के प्राचार्य, सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारी, एपीसी और बीआरसीसी एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

### बच्चों के सर्वांगीण विकास और विषयों की समझ पर जोर

कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि विद्यार्थियों को केवल किताबी ज्ञान नहीं दें, बल्कि विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से प्रत्येक बच्चे के सर्वांगीण विकास पर फोकस करें। बच्चों में विषयों की समझ विकसित करें। जिससे वे जिस भी फील्ड में जाएं, पूरे आत्मविश्वास के साथ कार्य करते हुए सफल हो सकें। सभी पीएम श्री विद्यालयों के प्राचार्यों के साथ ही जिले के सभी स्कूलों में इस बात को केंद्र में रखते हुए अध्यापन कार्य एवं विभिन्न गतिविधियां कराई जाएं। कलेक्टर के निर्देश पर विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और परीक्षा परिणाम बेहतरी के लिए जिले के केंद्रीय विद्यालयों द्वारा उनके द्वारा आयोजित की जाने वाली गतिविधियों का पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्रस्तुतीकरण किया, जिससे जिले के पीएम श्री स्कूलों के प्राचार्य और सभी बी.ई.ओ, बी.आर.सी. भी अपने स्कूलों में ऐसी गतिविधियां आयोजित करने के लिए प्रेरित हो सकें। उन्होंने केंद्रीय विद्यालय की तरह जिले के कक्षा 8वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए सभी शासकीय स्कूलों में युवा संसद का आयोजन माह अप्रैल से शुरू करने के निर्देश दिए, जिसके नोडल अधिकारी प्राचार्य पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक 1 श्री एच.धारकर रहेंगे। युवा संसद प्रतियोगिता से बच्चों में राजनीति विज्ञान की समझ पैदा होगी।

### मुख्यालय में न रहने वालों पर कार्यवाही

बैठक में 10वीं - 12वीं के अर्द्ध वार्षिक परीक्षा परिणामों की समीक्षा के दौरान कम परीक्षा परिणाम वाले पीएम श्री स्कूलों के प्राचार्यों के मुख्यालय में न रहने की बात संज्ञान में आने पर कलेक्टर श्री सिंह ने कड़ी नाराजगी जताई। पिछली कई बैठकों से लगातार इस संबंध में निर्देश देने के बावजूद यह स्थिति निर्मित होने पर सख्त रवैया अपनाते हुए मुख्यालय में न रहने वाले सभी प्राचार्यों का आगामी माह का वेतन रोकने के निर्देश दिए। आगामी सात दिन के अंदर मुख्यालय में निवास नहीं बनाने पर निलंबन का प्रस्ताव भेजने के भी निर्देश दिए हैं। साथ ही यदि विकासखंड शिक्षा अधिकारी ऐसे प्राचार्यों का वेतन नहीं रोकेंगे, तो उनका भी वेतन रोका जाएगा।

### फंड उपलब्ध होने के बावजूद काम नहीं कराने पर नाराजगी

जिले के 19 पीएमश्री स्कूलों को स्कूल के उन्नयन एवं विविध गतिविधियों के लिए केंद्र सरकार द्वारा लाखों रुपए की राशि का बजट उपलब्ध कराया गया है। इसके बावजूद पिछली बैठक में निर्देश देने पर अभी तक किसी भी पीएम श्री स्कूल में शत प्रतिशत फंड का उपयोग नहीं होने पर कलेक्टर श्री सिंह ने नाराजगी जताई। उन्होंने अगली मीटिंग के पहले शत प्रतिशत राशि का उपयोग कर स्कूल में आवश्यक सुविधाएं बनाने के निर्देश दिए हैं, नहीं तो कार्यवाही की जाएगी।

## मुख्यमंत्री जनकल्याण शिविर... नपा.अध्यक्ष ने 45 प्रकार की योजनाओं के आवेदन प्राप्त व प्रमाण पत्र वितरण



परासिया। विधानसभा क्षेत्र के नगर पालिका वार्ड नंबर 18 19 में मुख्यमंत्री जनकल्याण शिविर लगाया गया जिसमें नगर पालिका अध्यक्ष विनोद मालवीय ने बताया कि नगर पालिका से संबंधित 45 प्रकार की योजनाओं के आवेदन लिए जा रहे हैं नगर पालिका अध्यक्ष विनोद मालवीय एवं उप मंडल अधिकारी पुष्पेंद्र निगम और नगर पालिका उपाध्यक्ष महेश सोमकुवर मंडल अध्यक्ष भाजपा बल्लू नागी लोक निर्माण विभाग के सभापति पवन सूर्यवंशी शशि सतनामी पार्षद नरेंद्र विश्वकर्मा संतोष डेहरिया प्रतिभा सोनी ने भारत आयुष्मान योजना के कार्ड एवं लाडली लक्ष्मी योजना के प्रमाण पत्र वितरण किया गया

### शतरंज प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने किया प्रदर्शन

छिंदवाड़ा। सांसद खेल महाकुंभ के अंतर्गत दो दिवसीय शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन ओलंपिक स्टेडियम में किया गया जिसमे दूसरे दिन पुरुष व महिला के जूनियर वर्ग के मैच हुए प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में नितिन खंडेलवाल , जिला संयोजक खेल प्रकोष्ठ अंकित सोलंकी ,पंकज पाटनी रहे । इसमें लगभग 200 खिलाड़ियों ने अपने खेल का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका में अमन साहू, देवांश साहू, रिया चौधरी, प्रियेश सोनी , अभिषेक सोलंकी , पीयूष भावरकर , मुस्कान सोरठ,भूपेंद्र उईके रहे।

# वसूली में पिछड़े कई को. बैंक के मैनेजर



छिन्दवाड़ा। छिन्दवाड़ा जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित की 26 शाखाओं में विकासात्मक कार्यों और विभिन्न योजनाओं के निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति के लिए शुक्रवार को कलेक्टर एवं बैंक प्रशासक श्री शीलेन्द्र सिंह ने समीक्षा बैठक आयोजित की। यह बैठक कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में हुई, जिसमें सभी शाखा प्रबंधक और बैंक संबद्ध प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों के प्रशासक प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। बैठक में उप आयुक्त सहकारिता जी.एस. डेहरिया और बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ए.के. जैन भी मौजूद थे। समीक्षा के दौरान कलेक्टर श्री सिंह ने शाखा प्रबंधकों को ऋण वितरण, अमानत वृद्धि और ऋण वसूली में प्रगति लाने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने पिछड़े हुए शाखा प्रबंधकों को लक्ष्य हासिल न करने पर कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिए। बैठक में शाखाओं और समितियों से जुड़े कृषकों को उनकी पात्रता के अनुसार प्राथमिकता के आधार पर ऋण वितरण सुनिश्चित करने और पर्याप्त उर्वरक भंडारण एवं वितरण पर भी जोर दिया गया। कलेक्टर श्री सिंह ने अल्पकालीन फसल ऋण वसूली की शाखावार समीक्षा करते हुए शून्य प्रतिशत ब्याज दर योजना का लाभ जिले के सभी किसानों तक पहुंचाने की आवश्यकता पर बल दिया। इसके लिए जनवरी माह में कालातीत ऋणों की वसूली और वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में बताया गया कि ऋण वसूली में पिछड़ी शाखाओं में कुण्डालीकलॉ, सिवनी, पांढुर्णा, बिछुआ, उभेगांव, हरई, पिपला, लोधीखेड़ा और कुण्डा शामिल हैं। वहीं अमानत वृद्धि में पिछड़ी शाखाओं में सौंसर, उभेगांव, पिपला, अमरवाड़ा, बनगांव, कुण्डा और बिछुआ की पहचान की गई है। कलेक्टर श्री सिंह ने इन शाखाओं को निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति के लिए तुरंत कदम उठाने के निर्देश दिए।

## गणतंत्र दिवस समारोह मनाये जाने के संबंध में बैठक

**छिन्दवाडा।** पांढुर्णा जिले में गणतंत्र दिवस समारोह 26 जनवरी 2025 मनाये जाने के संबंध में कलेक्टर श्री अजय देव शर्मा की अध्यक्षता में 15 जनवरी 2025 को कलेक्टर कार्यालय पांढुर्णा के सभाकक्ष में बैठक संपन्न हुई। बैठक में सर्वप्रथम कलेक्टर श्री शर्मा द्वारा पूर्व वर्ष की भांति इस वर्ष भी जिला मुख्यालय पर गणतंत्र दिवस मनाये जाने के संबंध में आयोजित किए जाने वाले विभिन्न कार्यक्रमों के संबंध में चर्चा कर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए और तदनुरूप अधिकारियों को विभिन्न दायित्व सौंपे गए।

# भाजपा के संरक्षण में संचालित हो रहे अवैध कारोबार: कुरचे

## कांग्रेस ने अवैध रेत भण्डारण पर कार्रवाई करने सौंपी शिकायत

छिन्दवाड़ा। भाजपा के संरक्षण में जुआ, सट्टा, शराब व रेत के अवैध भण्डारण का गढ़ बन चुके अमरवाड़ा विधानसभा में शासन व प्रशासन मुकदर्शक बना हुआ है। अवैध गतिविधियों में संलिप्त लोगों के खिलाफ आवाज उठाने वालों को खुलेआम जान से मारने की धमकी दी जा रही। सम्पूर्ण साक्ष के साथ लगातार प्रेसनोट जारी करने के बाद भी प्रशासन की ओर से कार्रवाई नहीं करना इस बात का पुख्ता प्रमाण है कि प्रशासन की देखरेख में ही सबकुछ हो रहा है। जिला पंचायत सदस्य चम्पालाल कुरचे ने जारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से उक्त उदगार व्यक्त किए हैं।

चम्पालाल कुरचे ने अपने बयान में आगे कहा कि वर्तमान में महल के पीछे ग्राउंड में प्रतिदिन जुआ फड़ संचालित हो रहा है। पटेल के घर के पीछे एवं मालवी ढ़ाबा में भी खुलेआम जुआ खिलवाया जा रहा है। यही नहीं अवैध शराब व सट्टा का गढ़ बन चुके अमरवाड़ा विधानसभा में पुलिस व प्रशासन मुकदर्शक बना हुआ है। हर्रई पुलिस थाना के ठीक पीछे रेत का अवैध भण्डारण किया गया है। तकरीबन 300 ट्राली रेत यहां जमा है इसकी लिखित शिकायत तहसील कार्यालय में भी दी गई है। भाजपा के हाथों की कठपुतली बन चुके पुलिस व प्रशासन से यह अपेक्षा है कि वे अवैध गतिविधियों को रोकने के लिए कार्रवाई करें अन्यथा जनता स्वयं मोर्चा संभालेगी।

## यूटीआई म्यूचुअल फंड का...

# छिंदवाड़ा में वित्तीय केंद्र खुलेगा

UTI Mutual Fund

छिंदवाड़ा। देश की अग्रणी म्यूचुअल फंड कंपनियों में से एक यूटीआई एसेट मैनेजमेंट कंपनी (यूटीआई एएमसी) ने मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा में ग्राउंड फ्लोर, पटेल आर्केड, दशहरा मैदान, सहस्त्रबाहु चौक, नागपुर रोड, छिंदवाड़ा-480001, मध्य प्रदेश में अपने यूएफसी के उद्घाटन की घोषणा की है।

कंपनी ने देश भर में वितरण और निवेशक तक अपनी पहुंच को मजबूत करने के लिए अपने केंद्रित विस्तार के हिस्से के रूप में 20 जनवरी 2025 को 33 नए यूटीआई फाइनेंशियल सेंटर (शाखाएं) खोलने की घोषणा की है। इस विस्तार का उद्देश्य वित्तीय निवेश संबंधी सुविधाओं में सुधार करना और निवेशकों को बेहतर वित्तीय निर्णय लेने में मदद करना है। कार्यालयों का यह प्रसार देश भर मंए निवेशकों के साथ गहरे संबंध बनाने और अधिक समावेशी निवेश संस्कृति को बढ़ावा देने के यूटीआई एएमसी के चल रहे प्रयासों की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

यूटीआई एसेट मैनेजमेंट कंपनी के एमडी और सीईओ इम्तियाजुर रहमान ने कहा, हम अपनी सेवाओं की पूरी रेंज को अपने ग्राहकों के करीब लाने के लिए रणनीतिक रूप से नए यूटीआई फाइनेंशियल सेंटर खोल रहे हैं, जिससे हमारी सेवाओं तक लोगों की निर्बाध पहुंच सुनिश्चित हो सके। पिछले कुछ वर्षों में म्यूचुअल फंड में व्यक्तिगत निवेशकों की बढ़ती भागीदारी, विशेष रूप से बी30 शहरों से, वास्तव में उल्लेखनीय और प्रेरणादायक रही है। यह विस्तार जागरूकता बढ़ाने और देश भर में व्यापक दर्शकों के लिए म्यूचुअल फंड निवेश को सुलभ बनाने के हमारे दीर्घकालिक को लेकर हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।'' यूटीआई म्यूचुअल फंड एक मजबूत वितरण नेटवर्क के माध्यम से अपने निवेशकों तक पहुंचने के लिए समर्पित है जिसमें वित्तीय केंद्र, व्यवसाय विकास सहयोगी, म्यूचुअल फंड वितरक (एमएफडी) और बैंकों के साथ रणनीतिक साझेदारी शामिल है।

# कांग्रेस का जय बापू, जय भीम, जय संविधान अभियान महू में होगा सम्पन्न



छिन्दवाड़ा– राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की विरासत, संविधान को बचाने व संविधान निर्माता बाबा साहेब भीमराव अम्बेड़कर के मान व सम्मान को सुरक्षित करने के लिए कांग्रेस ने जय बापू, जय भीम, जय संविधान अभियान कर्नाटक के बेलगावी से प्रारंभ किया है। उक्त अभियान का समापन इंदौर के महू में होगा जिसको लेकर आज स्थानीय राजीव कांग्रेस भवन में आवश्यक बैठक आयोजित की गई। छिन्दवाड़ा जिले के प्रभारी सुनील जायसवाल ने सम्बोधित करते हुए कहा कि देश में भाजपा सरकार को दो लोग चला रहे हैं। दोनों ही नीति निर्धारकों की मानष्किता संविधान विरोधी है इसका प्रथम प्रमाण देश के गृहमंत्री अमित शाह के बयान से सामने आ चुका है। उन्होंने बाबा साहेब भीमराव अम्बेड़कर पर आपत्तिजनक टिप्पणी की जिसे देशभर में आक्रोश का माहौल है। संविधान को बचाने व बाबा साहब के मान व सम्मान की रक्षा के लिए कांग्रेस जय बापू, जय भीम व जय संविधान अभियान किया है। जिसका समापन महू में 27 जनवरी को होगा। इस कार्यक्रम में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, सांसद राहुल गांधी, श्रीमती प्रियंका गांधी वाड्रा व कमलनाथ , माननीय नकुलनाथ सहित कांग्रेस के राष्ट्रीय व प्रदेशिक नेतृत्व भी उपस्थित रहेगा।

आयोजित बैठक को सम्बोधित करते हुए छिन्दवाड़ा सहप्रभारी अभिनव डिमोले ने कहा कि यह कांग्रेस के सर्वमान्य नेता माननीय कमलनाथ जी की कर्मभूमि है। यहां का प्रत्येक पदाधिकारी व कार्यकर्ता कांग्रेस व कमलनाथ जी एवं नकुलनाथ जी का सच्चा व निष्ठावान सिपाही है इसीलिये मुझे बहुत अधिक बताने व समझाने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व में दिनांक 27 जनवरी 2025 को बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेड़कर की पावन धरा महू जिला इंदौर में जय बापू, जय भीम व जय संविधान अभियान का समापन होगा। इस अभियान के माध्यम से भाजपा के संविधान व बाबा साहेब भीमराव अम्बेड़कर विरोधी चेहरे को बेनकाब किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिला व ब्लॉक मुख्यालय से इस आयोजन में अधिक से अधिक संख्या कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्तागण पहुंचे यह सुनिश्चित करें।

जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विश्वनाथ ओकटे ने सम्बोधित करते हुए कहा कि संविधान का सम्मान बढ़ाने और लोकतंत्र की रक्षा के लिए कांग्रेस ने जय बापू, जय भीम, जय संविधान अभियान प्रारंभ किया है। बड़े ही गर्व का विषय है कि अभियान का समापन मप्र में बाबा साहेब भीमराव अम्बेड़कर जी की जन्म स्थली पर हो रहा है। उन्होंने संगठनात्मक विषयों पर उदबोधित करते हुए कहा कि कार्यकारिणी का गठन करने पर जोर दिया, उन्होंने कहा कि हमारा बूथ मजबूत तो कांग्रेस मजबूत होगी।

पांढुर्ना जिला प्रभारी गंगाप्रसाद तिवारी ने सम्बोधित करते हुए कहा कि सबसे महत्वपूर्ण विषय है कि कांग्रेस के प्रत्येक पदाधिकारी व कार्यकर्ता को जमीन स्तर पर संगठित होकर कार्य करना होगा। भाजपा की नीतियों से समाज का हर वर्ग परेशान है किन्तु जनता बोल नहीं पा रही है। उन्होंने जय बापू, जय भीम, जय संविधान अभियान को लेकर कहा कि इस अभियान के माध्यम से भाजपा की संविधान विरोधी सोच जनता तक पहुंचेगी।

नवनियुक्त पदाधिकारियों का किया सम्मान– आयोजित बैठक में कांग्रेस के नवनियुक्त पदाधिकारियों का सम्मान किया गया साथ ही समस्त पदाधिकारियों के कार्यकुशल व उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

# प्रदेश में राज्य परिवहन की बसें कम एवं लम्बी दूरी शीघ्र प्रारम्भ होना चाहिये

## प्राईवेट बस आपरेटरों की मनमानी खत्म होगी

गोविन्द चौरसिया



**छिंदवाड़ा।** प्रदेश सरकार नये वर्ष से राज्य परिवहन की बस सेवा प्रारम्भ करने वाली थी, किन्तु अभी तक कोई हलचल दिखाई नहीं दे रही है, राज्य परिवहन की बस सेवा की आवश्यकता छोटी एवं बड़ी लीड को लेकर है। देखा जा रहा है कि प्राईवेट बसो वाले छोटी लीड (कम दूरी) की बसों में क्षमता से ज्यादा सवारी भरी जाती है, सवारियों की संख्या लगभग क्षमता से डबल होती है और यात्रियों को खड़े खड़े सफर करना होता है।

आर.टी.ओ और पुलिस का ध्यान इस ओर नहीं है कम दूरी के लिए राज्य परिवाहन की बस चलनी चाहिये। प्राईवेट बस आपरेटर कम दूरी पर बस तो चलाते है किन्तु वे खटारा टाईप की बसें होती है कम दूरी की बसे कम चलती है, जिसके कारण इन बसों में यात्रियों की संख्या जरूरत से ज्यादा होती है, यदि एक बस या आखरी बस छूट गई तो गतव्य तक जाने का कोई साधन नहीं होता जिसका फायदा यह होता है कि प्राईवेट बस आरेटर ठूस ठूस कर यात्रियों को भरते है और खड़े खड़े यात्रा करना पड़ता है, इन बस आपरेटरों द्वारा समय समय पर निर्धारित से ज्यादा किराया भी लिया जाता है और मजबूरी ज्यादा किराया देना पड़ता है। देश के एक अखबार ने जब यात्रियों की दुलाई की वास्तविकता, शोषण एवं मनमानी की खबरे प्रकाशित की गई तो मोहन सरकार हरकत में आई और राज्य परिवहन की बसे चलाने को तैयार हो गये। प्रदेश में राज्य परिवहन की बसें पहले चलती थी, जिसमें भारी भ्रष्टाचार होता था, नई बसों के पार्टस व टायर निकाल कर बेच दिये जाते थे, कई कन्डेक्टर एक्सपर्ट होते थे जो टिकट नहीं काटते थे। इसीलिए राज्य परिवहन घाटे में था जिसमें नीचे से लेकर ऊपर तक के लोग शामिल थे। जमाना अब बदल चुका है, महाराष्ट्र एवं अन्य प्रदेशों में राज्य परिवहन की बसे चल रही है जो फायदा दे रही है, आधुनिक तकनीक का उपयोग होगा तो भ्रष्टाचार कम होगा बसो में केमरे लगने लगे है, टिकट में कम्प्यूटर का उपयोग होने लगा है आधुनिक तकनीक से ओव्हर लोडिंग नहीं होगी न ही टिकट में चोरी होगा। प्रदेश में सूत्रसेवा की बसें चल रही है जिसमें जो फायदे में कम्प्यूटराईज टिकट होने से चोरी नहीं हो रही है, वर्कशॉप में कैमरे लग जायेंगे तो चोरियां नहीं होगी। प्रदेश सरकार को राज्य परिवहन की सेवायें पूर्व तैयारी से प्रारम्भ करनी चाहिये, राज्य परिवहन की बसें चलने से प्राईवेट बस आपरेटरों की मनमानी बन्द होगी इसके अलावा लम्बी दूरी की एसी बसें भी चलना चाहिये प्राईवेट अपरेटर विशेष मौके (त्यैहारों) पर टिकिट के रेट बड़ा देते है, छिंदवाड़ा में रेल सुविधायें कम है। यहां से लम्बी दूरी की राज्य परिवहन बसें चलनी चाहिये, प्रदेश की मोहन सरकार शीघ्र इसका शुभारंभ करें जिससे आम यात्रियों को आराम से वास्तविक कियायें में सफर कुशन की सीट पर कर सके।

# संदीप को अध्यक्ष बनाये जाने पर बधाई देने वालो का तांता



छिंदवाड़ा। पांढुर्ना जिले के भाजपा के जिलाध्यक्ष संदीप मोहोड़ को बनाये जाने पर सौंसर,पांढुना एवं छिंदवाड़ा के लोगों ने बधाई दी है। दिन भर बधाईयों का तांता लगा रहा।

# टेबिल टेनिस का चैंपियन बने शैलेष जूनियर का खिताब हुआ समरेंद्र के नाम



छिंदवाड़ा। सांसद खेल महाकुंभ के चलते पूरे शहर का माहौल खेल मय हो गया है। शहर के सभा मैदानों में खिलाड़ी नजर आ रहे हैं। इसी तारतम्य में सांसद खेल महाकुंभ अंतर्गत स्थानीय शुक्ला ग्राउंड में टेबिल टेनिस प्रतियोगिता का 12 जनवरी से 16 जनवरी तक आयोजन किया गया। सांसद खेल महाकुंभ टेबिल टेनिस प्रतियोगिता के संयोजक विक्रम सोनी ने बताया कि सांसद खेल महाकुंभ टेबिल टेनिस में छिंदवाड़ा जिले के 100 से अधिक सीनियर और जूनियर खिलाड़ियों ने भाग लिया। टेबिल टेनिस प्रतियोगिता में सिंगल्स, डबल्स एवं टीम इवेंट्स के करीब 350 से अधिक मैच खेले गए। सांसद खेल महाकुंभ टेबिल टेनिस का सिंगल्स का फायनल मैच शैलेष करमाकर और अवनीश दासगुप्ता के बीच खेला गया। पुरुष फायनल मैच में शैलेष करमाकर ने अवनीश दासगुप्ता को 3-1 से पराजित कर सांसद खेल महाकुंभ टेबिल टेनिस के ट्राफी अपने नाम किया। महिला सिंगल्स फायनल में अनुभा धुर्वे ने ललिता सरवैया को 3- 2 से पराजित कर ट्रॉफी अपने नाम की इसी प्रकार पुरुष डबल्स फायनल में शैलेष और किंसुक की जोड़ी ने प्रवीर और अनुनय की जोड़ी को पराजित कर जीत दर्ज की तो वहीं मिक्स डबल्स में अनघ और प्रियंक की जोड़ी ने अवनीश और ललिता की जोड़ी को पराजित जीत दर्ज की। जूनियर सिंगल्स प्रतियोगिता में समरेंद्र बेस ने अनुभा धुर्वे को 3-0 से पराजित कर खिताब जीत लिया। टीम इवेंट्स का फायनल टीम टी टी ब्लास्टर और सतपुड़ा टाइगर के बीच खेला गया। टीम इवेंट्स के रोचक मुकाबले में टीम ब्लास्टर ने सतपुड़ा टाइगर को पराजित कर टीम इवेंट्स के खिताब पर कब्जा कर लिया।

# जिला स्तरीय वेट लिफ्टिंग यूथ सीनियर महिला पुरुष चैंपियनशिप प्रारंभ




छिंदवाड़ा। जिला वेट लिफ्टिंग संघ के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह बैस ने जानकारी दी की आज संसद खेल महाकुंभ के तत्वावधान में आयोजित जिला वेटलिफ्टिंग संघ द्वारा जिला स्तरीय यूथ व सीनियर महिला पुरूष वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता स्टेडियम ग्राउंड के बैडमिंटन हॉल में की जा रही है जिसमें जिले के खिलाड़ियो ने अपना जोहर दिखाया सभी अतिथियों द्वारा फीता काटकर कर प्रतियोगिता प्रारंभ की गई इस अवसर पर खिलाड़ियो के उत्साह वर्धन हेतु संघ के इंद्रजीत सिंह बैंस, नितिन खंडेलवाल, जावेद खान, प्रकाश, विन्देश्वरी पाल, राजा बुनकर, पूजा तिवारी, राजकुमार उईके, सलीम खान, यासीन शाह उपस्थित रहे।

भारत सरकार
पंचायती राज मंत्रालय

# नयी दिशा की ओर ग्रामीण विकास



डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री

नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

# स्वामित्व योजना

अंतर्गत

## 15.63 लाख भू-अधिकार पत्रों का वितरण एवं लाभार्थियों के साथ संवाद

प्रधानमंत्री

## नरेन्द्र मोदी

द्वारा (वर्चुअल माध्यम से)

एवं

## डॉ. मोहन यादव

मुख्यमंत्री

द्वारा

## विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण

18 जनवरी, 2025 | दोपहर 12:30 बजे | सिवनी, मध्यप्रदेश

- स्वामित्व योजना ग्रामीण क्षेत्रों में 25 सितम्बर 2018 के पूर्व से रहने वाले व्यक्तियों को उनकी संपत्ति का कानूनी अधिकार प्रदान करती है।
- योजना से ग्रामीण आबादी को बैंक ऋण प्राप्त करने एवं संपत्ति का विक्रय करने में मिल रही सहायता से ग्रामीण परिवारों का सामाजिक एवं आर्थिक सशक्तिकरण सुनिश्चित हो रहा है।



- सभी जिलों का ड्रोन सर्वेक्षण कार्य एवं 12 जिले- भोपाल, हरदा, डिंडौरी, सीहोर, बुरहानपुर, खरगोन, कटनी, अनूपपुर, शहडोल, उमरिया, जबलपुर एवं श्योपुर में भू-अधिकार पत्र वितरण का कार्य पूर्ण हो चुका है।
- प्रदेश में अब तक 39.63 लाख भू-अधिकार पत्रों का वितरण किया जा चुका है।

D-11161/24

सीधा प्रसारण | http://pmindiawebcast.nic.in | DD News | @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh | @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP | JansamparkMP

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2025